**अभिसंस्करण कार्यक्रमः** – श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर (10.10.2023), कृषि महाविद्यालय, किशनगढ़ बास, अलवर (29.11.2023) कृषि महाविद्यालय, नौगांव (अलवर) (02.12.2023), कृषि महाविद्यालय, झिलाई (टोंक) (17.10.2023), कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर (27.10.2023), कृषि महाविद्यालय, भुसावर (20.12.2023), एवं कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी में 15.10.2023 को नवीन छात्र–छात्राओं का कैरियर अभिसंस्करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं कृषि शिक्षा में रोजगार की सम्भावनाओं के बारे में अवगत कराया।

**कौशल विकास केन्द्रः** – श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कौशल विकास केन्द्र द्वारा मेधा लर्निग फाउंडेशन के समन्वय से कैरियर एडवांसमेंट बूटकैंप कार्यक्रम के कुल 09 बैच का आयोजन किया गया जिसमें कुल 254 छात्र–छात्राओं ने रोजगार से संबधित दक्षताओं को सीखा । संवेदीकरण कार्यक्रम 16.01.2023 को आयोजित किया गया और 22.05.2023 को ऑनलाइन मोड पर जलवायु अनुकूल और स्मार्ट कृषि पर एक सप्ताह की कार्यशाला। श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के संघटक महाविद्यालयों में कौशल विकास केन्द्र द्वारा कुल 24 व्याख्यान, 2 एक्सपोजर विजिटस और 2 कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 1000 से अधिक छात्र–छात्राओं को लाभ हुआ।

## 7. अनुसंधान निदेशालय

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर का अनुसंधान निदेशालय विश्वविद्यालय के सभी अनुसंधान केन्द्र तथा उपकेन्द्रों में हो रहे अनुसंधान के उद्देश्यों की कार्य योजना की निगरानी एवं मूल्यांकन की भूमिका निभाता है। इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में दो कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावाटी (सीकर) व नवगॉव (अलवर), एक राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान – दुर्गापुरा, जयपुर एवं चार कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, तबीजी (अजमेर), कुम्हेर (भरतपुर), गोनेड़ा (कोटपूतली) व डिग्गी (टोंक) आते हैं। विश्वविद्यालय की सभी संघटक इकाईयों द्वारा किसानों के लिए नई तकनीकियों का विकास एवं उत्तम बीज उत्पादन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में अनुसंधान को गति प्रदान करने हेतु विभिन्न अनुसंधान परियोजनाएं कार्यरत हैं इनके अर्न्तगत विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, उत्पादन व पौध संरक्षण तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन आधारित प्रोधौगिकी के विकास हेतु अनुसंधान सतत् प्रक्रियारत हैं।

**अखिल भारतीय समन्वित /नेटवर्क अनुसंधान परियोजनाः**– विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों पर वर्तमान में 18 दीर्घावधी अखिल भारतीय समन्वित /नेटवर्क अनुसंधान परियोजनाएं चल रही हैं। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत गेहूं, जौ, चना, मूँगफली, बाजरा, ग्वार, मूंग, उडद, मसूर, अरहर, राजमा, शुष्क क्षेत्रीय फल जैसेः– बेर, आंवला, लसोडा, बील आदि, मसाले वाली फसलें जैसेः– जीरा, धनिया, मैथी, सौफ एवं सब्जियां आदि फसलों पर अनुसंधान करने के साथ साथ समन्वित कृषि प्रणाली, सफेद लट एवं मृदा आर्थोपोड, कीटनाशी अवशेष, वानिकी, सुत्रकृर्मी प्रबंधन, कृषि मौसम सेवा आदि विषयों पर सतत् अनुसंधान द्वारा नवीन किस्में, उन्नत उत्पादन एवं पौध संरक्षण तकनीकियां विकसित की जा रही हैं, जिसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र के किसान लगातार लाभान्वित हो रहे हैं।

**राष्ट्रीय कृषि विकास परियोजनाएः**– विश्वविद्यालय में क्षेत्र विशेष हेतु विशिष्ट समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाएं बनाई जाती हैं। वर्ष 2022–23 में एक एवं 2023–24 में दो राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाएं विश्वविद्यालय को स्वीकृत की गई हैं। वर्तमान में तरल जैविक योगों का मानकीकरण और विशेषता, अर्द्धशुष्क परिस्थितियों में महत्वपूर्ण सब्जियों के गुणवतायुक्त बीज का उत्पादन, कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोगों पर उत्कृष्टता केन्द्र, कृषि महाविद्यालय लालसोट फार्म का आधुनिकीकरण एवं मशीनीकरण, मशरूम उत्पादन तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्रामीण युवाओं के लिए कृषि उद्यमिता का विकास करना परियोजनाएं श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर कृषि महाविद्यालय, लालसोट एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र नवगांव (अलवर) में चल रही हैं।

**परीक्षण प्रोजेक्टः**– विश्वविद्यालय द्वारा निजी क्षेत्र में कार्यरत कम्पनियों द्वारा उत्पादित कृषि उत्पाद, जैसे फसलों की किस्म, कीटनाशी, फफूंदनाशी, शाकनाशी आदि को इस क्षेत्र की जलवायु में परीक्षण किया जाता है। इन परिणामों के आधार पर इन उत्पादों को क्षेत्र में उपयोग लाने हेतु सिफारिश की जाती है। प्रतिवेदन वर्ष में 38 परीक्षण प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये गये हैं।

**अन्य परीक्षणः**– राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान संस्थानों पर हो रहे अनुसंधान एवं उन संस्थानों पर विकसित विभिन्न फसलों की नवीन किस्मों या तकनीकियों को बहुकेन्द्रीय परीक्षण हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों पर प्रतिवेदन वर्ष के दौरान 5 परीक्षण प्राप्त हुए हैं।

## उपलब्धियां

### नवीन विकसित किस्में

| किस्म | लक्षण | फोटो |
|---|---|---|
| **ग्वार**<br>**करण ग्वार–14**<br>**(आर.जी.आर18–1)** | इस किस्म का विमोचन सी. वी. आर. सी. कि 89वीं बैठक में किया गया जो कि 30.11. 2022 को हुई थी (अधिसूचना विचाराधीन है।) कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा द्वारा विकसित ग्वार की यह किस्म, भारत के सभी ग्वार उत्पादित राज्यों – राजस्थान, गुजरात, हरियाणा एवं महाराष्ट्र के लिए वर्ष 2022 में विमोचित की गई है। मध्यम शाखाओं वाली यह किस्म 95–90 दिन में पक कर तैयार हो जाती है। इस किस्म की पत्तियों खुरदरी एवं कटाव वाली होती हैं तथा फूल हल्के गुलाबी रंग के होते हैं। इस किस्म के दाने मध्यम मोटाई वाले 3.3–2. 7) ग्राम 100/दाना (स्लेटी रंग के तथा फलियां मध्यम लम्बाई वाली होती हैं। दानों में गोंद की मात्रा 34. 2 प्रतिशत होने के साथ–साथ विस्कोसिता अधिक 3 412) सीपी (होने के कारण गुणवत्ता अधिक होती है। यह किस्म झुलसा एवं जड़ गलन रोग के प्रति मध्यम प्रतिरोधी क्षमता रखती है। |   |
| **ग्वार**<br>**करण ग्वार–15**<br>**(आर.जी आर 20–15)** | यह सामान्य परिस्थितियों में 15–0 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की औसत उपज के साथ 99–104 दिनों में पक जाती है। इसमें बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट, रूट रॉट और अल्टरनेरिया ब्लाइट का संक्रमण कम होता है और सफेद मक्खी, लीफ हॉपर और एफिड्स का प्रकोपभी कम होता है। |  |

**शस्य विज्ञान विभाग, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर**

| | | प्री–जर्क बैठके | | जर्क बैठके | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **अनुसंधान केन्द्र** | **खरीफ, 2022** | **रबी 2022** | **खरीफ 2022** | **रबी 2022** |
| **द्वितीय–ए** | कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावटी | 20 मार्च, 2023 | 13 सितम्बर, 2023 | 18–19 अप्रैल, 2023 | 26–27 सितम्बर, 2023 |
| **तृतीय–ए** | राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा | 24–25 फरवरी, 2023 | 23–24 अगस्त, 2023 | 20–21 अप्रैल, 2023 | 3–4 अक्टूबर, 2023 |
| **तृतीय–बी** | कृषि अनुसंधान केन्द्र, नवगॉव | 28 मार्च, 2023 | 15 सितम्बर, 2023 | 12–13 मार्च, 2023 | सितम्बर 3–4, 2023 |

कार्यरत अखिल भारतीय समन्वित/ नेटवर्क अनुसंधान परियोजनाएं एवं उनकी प्रमुख उपलब्धियां

| क. सँ. | अखिल भारतीय समन्वित। नेटवर्क अनुसंधान परियोजना का नाम | प्रमुख उपलब्धियां |
|---|---|---|
| | **कृषि अनुसन्धान केंद्र, फतेहपुर** | |
| 1 | ए.आई.सी.आर.पी., कृषि वानिकी | कृषि वानिकी प्रणाली और मृदा स्वास्थ्य सुधार के पहलू पर काम कर रहा है। |
| | **राजस्थान कृषि अनुसन्धान केन्द्र, दुर्गापुरा** | |
| 1. | अखिल भारतीय समन्वित गेहूं और जौ सुधार अनुसंधान परियोजना | गेंहू में पीली रोली रोग के नियंत्रण की सिफारिश |
| 2. | अखिल भारतीय समन्वित चना अनुसंधान परियोजना | |
| 3. | अखिल भारतीय समन्वित बाजरा अनुसंधान परियोजना | |
| 4. | अखिल भारतीय समन्वित MULLaRP अनुसंधान परियोजना | |
| 5. | अखिल भारतीय समन्वित शुष्कफली अनुसंधान परियोजना | ग्वार किस्म करण ग्वार 14/आर .जी.आर. 18–1 (नवम्बर, 2022)<br>ग्वार किस्म करण ग्वार 15/आर.जी.आर. 20–15 |
| 6. | अखिल भारतीय समन्वित बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान परियोजना | कई फसलों के अंकुरण परीक्षण |
| 7. | अखिल भारतीय समन्वित मूंगफली अनुसंधान परियोजना | मूंगफली का उत्पादन बढ़ाने हेतु सिफारिशें की गयी |
| 8. | अखिल भारतीय समन्वित सब्जी अनुसंधान परियोजना | सब्जीयों का उत्पादन बढ़ाने हेतु सिफारिशें की गयी |
| 9. | अखिल भारतीय समन्वित एकीकृत कृषि प्रणाली अनुसंधान परियोजना | वर्मीकम्पोस्ट इकाई, एजोला इकाई एवं एक चौपाल विकसित की गई। |
| 10. | अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार नियंत्रण अनुसंधान परियोजना (वोलिन्टियर सेन्टर) | 1. किसानों की आय बढ़ाने के लिए जैविक और रासायनिक विधि से खरपतवार को नियंत्रण की योजना को स्वीकृत कराई गई।<br>2. पारथेनियम जागरूक सप्ताहिक अभियान, अगस्त, 2023 |
| 11. | अखिल भारतीय समन्वयक मृदा आर्थ्रोपोड्स परियोजना | मूंगफली में सफेदलट के प्रबंधन के लिए, इमिडाक्लोप्रिड 600 एफएस@ 6.5 मिलीधकिग्राबीज के साथ बीज उपचार और उसके बाद बुआई के 21 दिन बाद इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल@ 500 मिली/हेक्टेयर का प्रयोग सब से प्रभावी है। |
| 12. | अखिल भारतीय समन्वयक कीटनाशक अवशेष परियोजना | सब्जीयों और फलों के नमूनों का संरक्षण एवं कीटनाशकों के अवशेषों का विशलेषण किय ा गया। |
| 13. | अखिल भारतीय समन्वित सुत्रकर्मी परियोजना | मृदा में सुत्रकर्मी प्रबंधन पर कार्य किया गया |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | ग्रामीण कृषि मौसम सेवा | मौसम पूर्वानुमान के अनुसार उचित फसल प्रबंधन हेतु हर सप्ताह दो मौसम आधारित कृषि सलाह जारी की गयी |
| | **श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर** | |
| 1. | अखिल भारतीय समन्वित तारामीरा अनुसन्धान परियोजना | तारामीरा का उत्पादन बढ़ाने हेतु सिफारिशें की गयी |
| 2. | अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसन्धान परियोजना | विभिन्न मसाला फसलों के उत्पादन बढ़ने हेतु सिफारिशें की गयी |
| 3. | अखिल भारतीय समन्वित शुष्क क्षेत्रीय फल अनुसन्धान परियोजना | विभिन्न शुष्क क्षेत्रीय फलोत्पादन बढ़ने हेतु कार्य किये गए |

**विकसित प्रौद्योगिकी, तकनीकी एवं सिफारिशें** : विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष दो प्री जर्क बैठकें की जाती हैं। जिनमें विश्वविद्यालय में होने वाले शोध कार्यो की समीक्षा की जाती हैं। इन समीक्षाओं के आधार पर जर्क बैठकें (वर्ष में 02) होती है। जिनमें विकसित प्रोधौगिकी पर चर्चा करने के उपरान्त इन्हें किसानों द्वारा अपनाने के लिए सिफारिशें स्वीकृत की जाती है। प्री जर्क व जर्क की ये बैठकें कृषि जलवायु क्षेत्रोंवार के अनुसार की जाती है। इस प्रतिवेदन वर्ष में सम्पन्न हुई प्री जर्क व जर्क की बैठकों का विवरण निम्न प्रकार है। इस प्रतिवेदन वर्ष में श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के द्वारा निम्न तकनीकियों की

**जोन–IIA**

1. ग्वार में खरपतवार नियन्त्रण :– इमेजाथाइपर + एमेजामोक्स (35+35) प्रतिशत एस. एल. दवा का 50 ग्राम ए. आई. प्रति है. की दर से या इमेजाथाइपर एमेजामोक्स (35+35) प्रतिशत एस. एल. दवा का 40 ग्राम ए.आई. प्रति है। की दर से या इमेजाथाइपर 10 प्रतिशत एस-एल दवा का 75 ग्राम ए- आई. प्रति है। से 500 से 600 लीटर पानी में मिलाकर बुवाई के 30 दिन बाद छिडकाव करें अथवा 30 दिन की फसल अवस्था पर निराई गुडाई करे। दूसरी निराई गुडाई बुवाई के 45 दिन बाद करे यदि आवश्यकता हो तो।
2. मूंग की फसल में 40 दिन की अवस्था पर 100 से 150 पी-पी-एम- सेलिसिलिक अम्ल (100 से 150 मि.ग्रा. / लीटर पानी) का पर्ण छिड़काव करने से फसल बढवार, फसल कार्यिकी में सुघार एवं उपज में वृद्धि होती है।(डॉ- एस. सी- महला, सहायक आचार्य, पादप कार्यिकी)
3. चॅवला की फसल में 40–45 दिन की अवस्था पर 200 से 300 पी-पी-एम- सिलिसिक अम्ल (200 से 300 मि.ग्रा. / लीटर पानी) का पर्ण छिड़काव करने से फसल बढवार, फसल कार्यिकी में सुघार एवं उपज में वृद्धि होती है।
4. प्रोपिकोनाजोल 25.9 ई. सी- को 0.1 प्रतिशत की दर से 500 एम. एल- 500 लीटर पानी में धोल में धोल कर छिडकाव करें। व्याधि का उपचार न होने पर 15 दिन बाद दोबारा छिडकाव करें। इस के अलावा टेबुकोननाजोल + ट्राईफलोक्सीस्ट्रोबीन 25 डबल्यूजी 0.04 प्रतिशत की दर से 200 ग्राम 500 लीटर पानी में घोल कर भी छिडकाव कर सकते है।
5. ट्राईसाइक्लाजोल 75 डबल्यूजी को 0.05 प्रतिशत की दर से 250 ग्राम 500 लीटर पानी में घोल कर छिडकाव करें। व्याधि का उपचार न होने पर 15 दिन बाद दोबारा छिडकाव करें। इसके अलावा टेबुकोनाजोल+ ट्राईफलोक्सीस्ट्रोबीन 25 डबल्यूजी 0.04 प्रतिशत की दर से 200 ग्राम 500 लीटर पानी में घोल कर भी छिडकाव कर सकते है।
6. बाजरे की खडी फसल में सफेद लट की रोकथाम के लिए कीटनाशक इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस. एल. का 60 ग्राम सक्रीय तत्व प्री–मानसून की प्रथम वर्षा के या बुवाई के 21 दिन पश्चात प्रति हैक्टेयर उपयोग करें। (डॉ. डी. आर- बाज्या एवं डॉ- झूमरलाल, सहायक आचार्य, कीट विज्ञान)

7. मूंगफली की खडी फसल में सफेद लट की रोकथाम के लिए कीटनाशक इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस. एल. का 360 मिली. प्री–मानसून की प्रथम वर्षा के या बुवाई के 21 दिन पश्चात प्रति हैक्टेयर उपयोग करें।
8. बाजरा कि संकर किस्में : जोन. IIA के लिए पी-ओ-पी में दो बायो फोर्टिफाइड बाजरा कि संकर किस्में, आर-एच-बी-233 (2019) और आर-एच-बी- 234 (2019)
9. मूंग की किस्म : जोन. IIA के लिए पीओपी में मूंग की एक किस्म आरएमजी 975 (केशवानन्द मूंग–1) (2016)
10. क्लस्टर बीन (ग्वार) किस्म : जोन IIA के लिए पीओपी में एक क्लस्टर बीन (ग्वार) किस्म आर.जी.आर.–12–1 (कर्ण ग्वार) (2018)
11. गेंहू में नत्रजन का प्रयोग : गेंहू में अधिक उपज प्राप्त करने हेतु नत्रजन उर्वरक की मात्रा 100–120 किलो/है देवे व एक चौथाई मात्रा शीष जड़ जमने के समय (20–25 दिन बुवाई के बाद) और भोश एक चौथाई फुटान होते समय देवे (35–40 दिन बुवाई के बाद)
12. परजीवी खरपतवार (ओरोबेन्की) प्रबंधन : सरसों की फसल में ओरोंबेन्की खरपतवार के नियंत्रण हेतु ग्लाइफोसेट / 25 ग्राम/हे. का छिड़काव बुवाई के 25 दिन बाद तथा ग्लाइफोसेट / 50ग्राम/हे. का छिड़काव बुवाई के 50 दिन बाद पंक्तियो में खरपतवार पर करे अथवा सरसों की फसल में बुवाई के 25 दिन व 50 दिन बाद ग्लाइफोसेट / 25 ग्राम/हे. को मिटट्ी में मिलाकर समान रूप से भुरकाव कर तुरंत सिचाई करे।
13. कोटा मसूर–1 (2018): कोटा मसूर –1 में औसत अनाज उपज 6 से 7 क्विंटल/हेक्टेयर दर्ज की गई और उपज क्षमता 10 से 14 क्विंटल/हेक्टेयर है। परिपक्वता 96 से 100 दिन है। कोटा मसूर–1 सूखे और उच्च तापमान के प्रति सहनशील (tolerant)है।
14. जैविक तरीके से प्याज के उत्पादन के लिए मृदा में 7.0 टन प्रति हैक्टर केचुआ खाद के साथ प्याज की पौध को एजोटोबेक्टर + फॉस्फोरस घुलनशील बैक्ट्रिया से उपचारित करे या गोबर की खाद 10 टन प्रति हैक्टर + केंचुआ खाद 3.5 टन प्रति हैक्टर के साथ प्याज की पौध को एजोटोबेक्टर + फॉस्फोरस घुलनशील बैक्ट्रिया से उपचारित करे।
15. जैविक तरीके से मैथी के उत्पादन के लिए मृदा में 2.67 टन प्रति हैक्टर केचुआ खाद के साथ मैथी के बीजो को राइजोबियम + फॉस्फोरस घुलनशील बैक्ट्रिया से उपचारित करे या गोबर की खाद 10 टन प्रति हैक्टर + केंचुआ खाद 3.5 टन प्रति हैक्टर के साथ के साथ मैथी के बीजो को राइजोबियम + फॉस्फोरस घुलनशील बैक्ट्रिया से उपचारित करे।
16. जौ की फसल में बुवाई पूर्व फेरस सल्फैट की प्रति हेक्टर 20 किलो ग्राम मात्रा देने से उपज में अधिक वृद्धि होती साथ ही दानो में भी ऑयरन की मात्रा में इजाफा होता है। जिस मृदा में ऑयरन की बहुत अधिक कमी है वहां पर फेरस सल्फैट की प्रति हेक्टर 25 किलो ग्राम मात्रा बुवाई पूर्व देवे। (डॉ. एच. एस. जाटव, सहायक आचार्य, मृदा विज्ञान)
17. जौ की खड़ी फसल में ऑयरन की कमी होने पर फेरस सल्फेट 0.5 प्रतिशत का छिड़काव करें।
18. सरसों फसल में बुवाई के समय जिंक सल्फैट (21:) प्रति हेक्टर 25 किलो ग्राम अथवा मोनो हाइड्रेट जिंक सल्फैट (33:) की प्रति हेक्टर 20 किलो ग्राम मात्रा देवें।
19. मेथी की फसल में मोयले के जैविक नियंत्रण हेतु गौमुत्र 10 प्रतिशत तथा एजाडिरेक्टिन 0.3 ईसी की 0.15 प्रतिशत मात्रा प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें तथा आवश्यकता पड़ने पर इसे 15 दिन बाद पुनः छिड़कांव करे।
20. सरसों की खड़ी फसल में माहू कीट की आर्थिक स्तर आने पर इमीडाक्लोपरीड 17.8 एस. एल. दवा 27 ग्राम (150 एम. एल./हे.) या थायोमिथॉक्जाम 25 ग्राम (150 एम.एल./हे.) प्रति हेक्टर की दर से 500 लीटर पानी मे घोल कर छिड़काव करें तथा आवश्यकता होने पर 15 दिन बाद दोबारा छिड़काव करें।
21. सरसों के तना गलन रोग के लक्षण दिखाई देने पर इसके उपचार हेतु लहसुन के सत का 1 प्रतिशत की दर से (10 एम-

एल- / किलो बीज) बीजोपचार करं तथा आवश्यकता होने पर लहसुन के सत् का 1 प्रतिशत की दर से 5 लीटर की मात्रा को 500 लीटर पानी मे घोल बनाकर कर छिड़काव करे।

22. सरसों के झुलसा के लक्षण दिखाई देने पर इसके उपचार हेतु अजोक्सीस्ट्रोबिन 23 एससी का 0.1: की दर से 500 एमएल अथवा टेबुकोनाजोल 50:+ ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोबिन 25: डब्लूजी का 0.04: की दर से 200 एम एल मात्रा का 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करे।
23. चने के जड़ गलन के उपचार हेतु क्लोरोथेलोनिल 75 :से 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार करें अथवा पेनफ्लुफेन (13.20:)+ ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोबिन (13.28:) से 1 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार करें।

**जोन–III A**

1. जौ की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सिफारिश की गई 75: नाइट्रोजन की मात्रा को दो भागो में, 50: मात्रा को बुवाई के समय एंव 25: मात्रा को 25–30 दिन पश्चात देने के बाद एक लीटर नैनो यूरिया का छिड़काव 600 लीटर पानी के साथ क्रमश बुवाई के 404–5 एंवम 60–65 दिनों के बाद करे!
2. गेहूं की अधिक उपज एव शुद्ध आय प्राप्त करने हेतु सिफारिश की गई नत्रजन उर्वरकों की 75: मात्रा के साथ नैनो यूरिया के दो पर्णीय छिढ़काव (2–5 मिली / लीटर), पहली बुवाई के 40–45 दिन बाद दूसरी बुवाई के 60–65 दिन बाद करने की सिफारिश की जाती है
3. इमिडाक्लोप्रिड 600 एफ एस 4 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करने से गेंहू की फसल को दीमक से बचाया जा सकता है।

   अनाज सिस्ट नेमाटोड, हेटेरोडेरा एवेने, गेहूं के मोल्या रोग के प्रबंधन के लिए गेहूं (ट्रिटिकम एस्टिवम) में बुआई के समय फ्लुएनसल्फोन (निमित्ज) 2: ळत्/ 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर का उपयोग करें।
4. जौ की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सिफारिश की गई 75: नाइट्रोजन की मात्रा को दो भागो में, 50: मात्रा को बुवाई के समय एंव 25: मात्राको 25–30 दिन पश्चात देने के बाद एक लीटर नैनो यूरिया का छिड़काव 600 लीटर पानी के साथ क्रमश बुवाई के 40–45 एंवम 60–65 दिनों के बाद करे!
5. चना के बीजों को पोटाश कल्चर द्वारा 5 मिली प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार के साथ चना फसल हेतु 20 किलोग्राम पोटाश प्रति हैक्टेयर के उपयोग से चना की उपज में सार्थक वृद्धि होने के फलस्वरूप अधिकतम लाभ रू लागत अनुपात एवं शुद्ध लाभ प्राप्त होता है ।
6. मसूर में जड़–गांठ (मूल–ग्रंथि) सूत्रकृमि के नियंत्रण के लिए पर्प्यूरोसिलियम लिलासिनम (पेसिलोमिसिस लिलासिनस) जैव कारक की मात्रा 25 किलो ग्राम प्रति हेक्टर की दर से बूवाई के समय भूमि उपचार कर बीज के साथ उपयोग किया जा सकता है।
7. मसूर की उत्पादकता बढाने एवं अधिकतम शुद्ध आय प्राप्त करने हेतु सिफारिश की गई उर्वरकों की मात्रा के साथ मसूर के बीजों को (5–10 मिली@किलो) तरल जैव उर्वरकों (NPK) से बीजो उपचार करें।
8. जीरे में उखटा रोग के प्रभावी प्रबंधन हेतु आई सी आर – फ्यूजीकोन्ट तकनीकी – 'बायोराज'(ट्राइकोडर्मा रीसी) 3 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण से 50 ग्राम/ किलो बीज की दर से बीजोपचार के बाद 30 दिन की फसल पर सवंर्धित कल्चर 5–0 किलो ग्राम / हैक्टयर (5–0 किलो संवर्ध + 1 किलो गुड को 250 लीटर पानी में मिलाकर रात भर छोडें) की दर से पर्शीय छिडकाव करना प्रभावी पाया गया।
9. संरक्षित खेती (प्रोटेक्टिव कल्टीवेशन) में खीरा में जड़–गांठ (मूल–ग्रंथि ) सूत्रकृमि के नियंत्रण के लिए फ्लुओपायरम (वेलम प्राइम) 34.48 : एस. सी. की 0.625 एम. एल. मात्रा एक लीटर पानी में घोलकर समान मात्रा में दस पौधों में उपयोग

करें या 1.25 लीटर मात्रा प्रति हेक्टर की दर से अंकुरण के तीन सप्ताह (21 दिन) बाद 750 से 1000 लीटर पानी में घोल कर जड़ क्षेत्र में भूमि उपचार (सोईल ड्रेंचिंग) प्रति हेक्टर की दर से उपयोग करें। इस सूत्रकृमि नाशी का उपयोग बूंद–बूंद (ड्रिप) सिंचाई के साथ भी किया जा सकता हैं।

10. सभी रबी दलहन फसलो में जैसे, चना तथा मटर में जड़–गांठ (मूल–ग्रंथि) सूत्रकृमि के नियंत्रण के लिए पर्प्यूरोसिलियम लिलासिनम (पेसिलोमिसिस लिलासिनस) जैव कारक की मात्रा 2.0 किलो ग्राम प्रति हेक्टर की दर से बूवाई के समय बीज उपचार कर उपयोग किया जा सकता है।

11. करेले के पीले शिरा मोजेक वायरस के प्रबंधन के लिए, रोग की शुरुआत के बाद 10 दिनों के अंतराल पर क्रमशः एसीफेट / 0–15: नीम तेल / 0–2: और पाइरिप्रोक्सीफेन / 0–1: के तीन छिड़काव करें।

12. सरसों की अधिक उपज एवमं शुध्द आय प्राप्त करने हेतु सिफारिश की गई नत्रजन उर्वरकों की 75: मात्रा के साथ नैनो यूरिया के दो पर्णीय छिढ़काव (2–0 मिली / लीटर), पहला बुवाई के 40–45 दिन बाद दूसरा बुवाई के 60–65 दिन बाद करने की सिफारिश की जाती है

13. सौंफ की फसल में सूक्ष्म तत्व 0.6 प्रतिशत जिंक सल्फेट के साथ–साथ 0.4 प्रतिशत आयरन सल्फेट का बुआई के 60, 75, व 90 दिन बाद पर्णीय छिड़काव करके सौंफ की फसल से अधिक पैदावार व आमदनी प्राप्त की जा सकती है। ईन सूक्ष्म तत्व उवर्रकों का पर्णीय छिड़काव करते समय विलयन को उदासीन करने के लिए विलयन की सान्द्रता की आधी सान्द्रता का चूना मिलाकर छिड़काव करना चाहिए।

14. बीजीय मसाला व सब्जी वाली फसलों के अन्तर शस्य से अधिक उपज व आमदनी प्राप्त करने के लिए सौफ की पंक्तियों के बीच में लहसुन की दो पंक्तियां (1: 2 अनुपात) लगाई जा सकती है। इससे किसी फसल के खराब होने की जोखिम से भी बचा जा सकता हैं।

15. बील के बगीचे में नींबू की तितली (पैपिलियोडेमोलस)के प्रबन्धन के लिए स्पिनोसेड 45 एस.सी. 0.2 मि.ली. प्रति लीटर या बी.टी. (कुर्सटाकी) 1.0 मि.ली. प्रति लीटर का छिड़काव करें।

16. मक्का की फसल में वृद्धी के समय 15 दिन के अन्तराल पर फ्ल्यूबेन्डीमाइड 5.75 +इमामेक्टीन बेन्जोएट 1.92 एम ई 625 मिलीलीटर के दो छिडकाव करने के 12 दिन बाद मक्का के हरे भूट्टे, मक्का के भूट्टे के साथ दाने, मक्का के दानों एवं चारे में 12 दिन की सुरक्षित प्रतिक्षा अवधि का मालुम किया गया है।

17. बरानी परिस्थितियों में बाजरा की उत्पादकता बढ़ाने व अधिकतम शुद्ध आय प्राप्त करने हेतु बुवाई के समय नमी संरक्षण बहुलकै च्ळ 1118 को 5.0 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से कतारों में उर कर देवें।

18. बारानी परिस्थितियों में बाजरा की उत्पादकता बढ़ाने व अधिकतम शुद्ध आय प्राप्त करने हेतु न्यूनतम जुताई के अंतर्गत एक हैरो एक कल्टीवेटर और पाटा. बुवाई के 15से 20 और 30 से 35 दिन बाद पहिया कुदाल (व्हील हो की मदद से निराई– गुड़ाई करें एवं 100: सिफारिश की गयी उर्वरक की मात्रा काम में लेवें ।

19. मूंग की फसल में खरपतवार के प्रबंधन हेतु खड़ी फसल में बुवाई के 15 से 20 दिन पश्चात सोडियम ऐसीफ्लुओरफेन 16. 5:. क्लॉडिनोफॉप प्रोपरगिल 8: (मिश्रितघोल) शाकनाशी का 245 ग्राम सक्रिय तत्व या फलुअजीफाप – पी– ब्यूटाइल 13.4:. फोमसेफन 11.1: (मिश्रित घोल) शाकनाशीका 245 ग्राम सक्रिय तत्व 500 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

20. मूंगफली की फसल में सफेद लट प्रबन्ध हेतु बुआई से पहले कीटनाशक दवा ईमिडाक्लोप्रिड 600 एफ एस से 6.5 मि.ली. प्रति कि. ग्रा. बीज की दर से बीजोपचार करके बुआई करें। और बरसात के 21 दिन बाद कीटनाशक दवा ईमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस. एल. का 500 मी.ली. प्रति हैकटेयर की दर से डालें।

21. भिन्डी में जड़–गांठ (मूल–ग्रंथि ) सूत्रकृमि के नियंत्रण के लिए फ्लुओपायरम (वेलम प्राइम) 34.48%एस. सी. की 1.25

लीटर मात्रा प्रति हेक्टर की दर से अंकुरण के तीन सप्ताह (2 दिन) बाद 750 से 1000 लीटर पानी में घोल कर जड़ क्षेत्र में भूमि उपचार (सोईल ड्रेंचिंग) प्रति हेक्टर की दर से उपयोग करें। इस सूत्रकृमि नाशी का उपयोग बूंद–बूंद (ड्रिप) सिंचाई के साथ भी किया जा सकता हैं।

22. पोटेशियम की 75ः (22.5 किग्रा@हेक्टेयर) सिफारिश मात्रा के साथ पोटेशियम घोल बैक्टीरिया / 6 मिली @किग्रा से बीजोपचार करने से 25ः पोटेशियम की बचत के साथ मूंगफली की उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है।
23. बारानी परिस्थितियों में बाजरा की उत्पादकता बढाने एवं अधिकतम शुध्द आय प्राप्त करने हेतु सिफारिश की गई नत्रजन उर्वरकों की 75 : मात्रा के साथ नैनो यूरिया के दो पर्णीय छिड़काव (2 मिली@ली), पहला बुबाई के 30–35 दिन बाद दूसरा बुबाई के 45–50 दिन बाद करें ।
24. मूँग की उत्पादकता बढाने एवं अधिकतम शुद्ध आय प्राप्त करने हेतु सिफारिश की गई उर्वरकों की मात्रा के साथ मूँग के बीजों को (5–10 मिली@ किलो) तरल जैव उर्वरकों (NPK) से बीजोपचार करें ।
25. ग्वार में कवक द्वारा होने वाले अल्टरनेरिया ब्लाइट@ झुलसा रोग नियंत्रण के लिए प्रोपिकोनाजोल 25 EC/0.1 प्रतिशत के दो पर्णीय छिड़काव, पहला लगभग बुवाई के 30 दिन बाद या रोग शुरू होने के समय एवं दूसरा पर्णीय छिड़काव 15 दिनों के अंतराल पर प्रभावी पाया जाता है।
26. चंवला (लोबिया) में चारकोल सड़ांध रोग के प्रबंधन क लिए ट्राइकोडर्मा हरजियानम कल्चर (2.5 किलोग्राम@500 किलोग्राम अच्छी तरह सड़ा हुआ गोबर) को मृदा अनुप्रयोग एवं टेबुकोनाजोल् 2 डीएस/1.5 ग्राम @किलोग्राम की दर से बीजोपचार द्वारा प्रभावी नियंत्रण होता है।
27. कम से मध्यम उपलब्ध जिंक वाली मिट्टी में मूंग की फसल के लिए नाइट्रोजन और फास्फोरस की सिफारिश मात्रा के साथ 5 किग्रा@हेक्टेयर की दर से जिंक का उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।

**जोन–III B**

1. ग्वार की फसल में अल्टरनेरिया पत्ती धब्बा रोग की रोकथाम के लिए टेबुकोनाजोल 25.9 प्रतिशत दवा का 0.1 प्रतिशत की दर से छिड़काव या एजोक्सीस्ट्रोबिन 23 प्रतिशत दवा का 0.1 प्रतिशत की दर से छिड़काव करना सबसे प्रभावी पाया गया।
2. ग्वार की फसल में जड़ गलन रोग की रोकथाम के लिए ट्राइकोडर्मा विरिड़ी + स्यूडोमोनास फ्लोरोसेंस की 3+3 ग्राम मात्रा से बीज उपचार करने तथा़ इन जैव कारकों की 2.5+2.5 किग्रा मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की खाद के साथ मिलाकर मिट्टी में प्रयोग करना सबसे किफायती और प्रभावी पाया गया है। जोन की पीओपी में शामिल करने के लिए अनुशंषित किया गया।

## बीज उत्पादन

| | प्रजनक बीज | | | सत्य चिन्हित बीज | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | खरीफ | रबी | योग | खरीफ | रबी | योग |
| 2014–15 | 135.75 | 2489.5 | 2625.25 | – | – | – |
| 2015–16 | 202.89 | 1475.72 | 1678.61 | 157.67 | 647.44 | 805.11 |
| 2016–17 | 460.38 | 2591.07 | 3051.45 | 229.67 | 854.28 | 1083.95 |
| 2017–18 | 349.78 | 2165.86 | 2515.64 | 240.24 | 962.62 | 1202.86 |
| 2018–19 | 317.34 | 3046.35 | 3363.69 | 277.28 | 1734.78 | 2012.06 |
| 2019–20 | 333.69 | 2602.89 | 2936.58 | 218.41 | 2463.65 | 2682.06 |
| 2020–21 | 382.70 | 2320.47 | 2703.17 | 382.40 | 1751.53 | 2133.93 |
| 2021–22 | 535.34 | 2336.07 | 2871.41 | 251.40 | 3222.17 | 3473.57 |
| **2022–23** | **540.61** | **3952.39** | **4493.00** | **380.1** | **5061.81** | **5441.91** |

### अ. प्रजनक बीज उत्पादन–रबी 2022–23

| क्र.सं. | फसल | किस्म | क्षेत्रफल(हे.) | उत्पादन(क्विं.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गेंहू | राज–4238, राज–1482, राज–4079, राज–4120, राज–4037, राज–3765, राज–3077, डी.बी.डब्ल्यु –222, डी.बी.डब्ल्यु–332, डी.बी.डब्ल्यु–187, डी.बी. डब्ल्यु–327, डीबीडबलयू–303 | 90.55 | 3025.75 |
| 2. | जौ | आरडी–2794, आरडी–2786, आरडी–2849, आरडी–2035, आरडी–2715, आरडी–2899, आरडी–2907, डी.डब्ल्यू.आर.बी– 137, आरडी – 2052 | 30.6 | 462.01 |
| 3. | चना | सी.एस.जे–515, जी.एन.जी.–2171, जी.एन.जी. 1581, सी.एस.जे.–515, जी.एन.जी.–2144 | 17.80 | 161.13 |
| 4. | तारामीरा | आर.टी.एम.–1351, आर.टी.एम.–1355 | 1.50 | 5.25 |
| 5. | मसूर | कोटामसूर–1, कोटामसूर–2, कोटोमसूर–5 , आर.एल. जी.–5 | 5.0 | 74.75 |
| 6. | सरसो | डी.आर.एम.आर.आई.जे.–31, एन.आर.सी.एच.बी.–101, डी.आर.एम.आर.1165–40, राधिका,आर.एच.725 | 26.15 | 223.50 |
| | | कुल योग | 171.60 | 395239 |

### ब. प्रजनक बीज उत्पादन– खरीफ 2023

| क्र.सं. | फसल | किस्म | क्षेत्रफल (हेक्टेयर) | उत्पादन (क्विंटल) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्वार | आर.जी.सी–1033, आर.जी.आर–12.1 | 30.00 | 328 |
| 2. | मूंग | एम.एच–1142, शिखा, | 7.00 | 55.91 |
| 3. | मूंगफली | आर.जी–510 (राज मूंगफली–1), आर जी–578 (राज मूंगफली–2), आर जी–559–3 (राज मूंगफली–3), आर. 638 जी. | 11.80 | 110.50 |
| 4. | ढैंचा | डी.एच.–1 | 5.5 | 45.10 |
| 5. | बाजरा | ICMA-9666 | 0.2 | 1.10 |
| | | कुल योग | 54.50 | 540.61 |

### स. सत्य चिन्हित बीज उत्पादन (TFL)–रबी 2022–23

| क्र.सं. | फसल | किस्म | क्षेत्रफल (हेक्टेयर) | उत्पादन (क्विंटल) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरसों | डी आर एम आर आई जे–31 (गिरिराज), बायो–902, डी. आर. एम. आर 1165–40 एन आर सी एच बी–101,पूसा 30 | 89.05 | 1089.69 |
| 2. | गेंहु | राज – 4238, राज – 3765, राज–3077, राज – 4079, एच. डी. 3226, डी. बी. डबल्यू 187, राज–3765, राज–1482, राज–4037, डी. बी. डबल्यू 222, डी. बी. डबल्यू 332, डी. बी. डबल्यू 327 | 28.15 | 923.93 |
| 3. | जौ | आर.डी. 2907, आर.डी. 2794, आर डी. 2786, आर.डी. 2849, आर. डी. 2899, आर.डी. 2035, डी. डबल्यू. आर. बी. 137 | 36.20 | 1341.87 |
| 4. | चना | सी.एस.जे 515, जी. एन. जी. 2144, जी. एन. जी. 1581 | 20.10 | 309.05 |
| 5. | तारामीरा | आर टी एम 1351, आर टी एम 1355 | 5.50 | 17.75 |
| 6. | मैथी | आर एम टी 1, आर एम टी 305 | 9.40 | 94.64 |
| 7. | मसूर | आर.एल. जी. 5 | 5.30 | 80.15 |
| 8. | सौंफ | आर. एफ. 125 | 3.25 | 28.95 |
| | | कुल योग | 224.21 | 3222.17 |

### द सत्य चिन्हित बीज उत्पादन (TFL)–खरीफ 2022

| क.सँ. | फसल | किस्म | क्षेत्रफल (हेक्टेयर) | उत्पादन क्विंटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्वार | आर.जी.सी.–1033, आर .जी.सी.–1055, आर .जी.सी. –1066, आर.जी.सी.–1038, | 40.00 | 153.37 |
| 2. | मूंग | एम.एच.–421, सम्राट, आरएम.जी–492, आरएम.जी–975 | 14.5 | 81.53 |
| 3. | मूंगफली | टीजी 37ए | 2.0 | 16.30 |
| 4. | तिल | आर.टी.–351 | 0.1 | 0.20 |
| | | कुल योग | 56.60 | 251.40 |

**सब्जी बीज उत्पादन कार्यक्रम**– विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों पर सब्जियों में बीज उत्पादन कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इसके तहत् श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के उद्यान विज्ञान प्रक्षेत्र एंव प्रसार शिक्षा निदेशालय के अधीन केरिया फार्म पर सब्जियों का बीज उत्पादन प्रारम्भ किया गया है। इन सब्जियों में प्रमुखतः लौकी, तुरई, भिण्डी, पालक, प्याज, चंवला, ग्वार फली आदि सम्मलित हैं।






## 8. प्रसार शिक्षा निदेशालय

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर के प्रसार शिक्षा निदेशालय का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण, प्रर्दशन, कृषि सलाह व अन्य प्रसार माध्यमों से उन्नत एवं प्रभावी कृषि प्रौधोगिकी का हस्तान्तरण कर कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रो का संर्वागीण विकास करना है। प्रसार शिक्षा निदेशालय की दो मुख्य इकाईयां कृषि प्रौधोगिकी सूचना केन्द्र व प्रसार शाखा जोबनेर मुख्यालय पर कार्यरत है। प्रसार शिक्षा निदेशालय के क्षेत्राधिकार में राज्य के 15 जिले आते है जिनमें आठ कृषि विज्ञान केन्द्र है जो निम्न स्थानों पर स्थित है।

1. कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर
2. कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा
3. कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर, भरतपुर
4. कृषि विज्ञान केन्द्र, गोनेडा– कोटपूतली, जयपुर
5. कृषि विज्ञान केन्द्र, नवगॉव, अलवर
6. कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर
7. कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर
8. कृषि विज्ञान केन्द्र, अरणियां, सीकर

### 1. प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन–

| कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम | केन्द्र पर आयोजित प्रशिक्षण | | गाँवों में आयोजित प्रशिक्षण | | प्रथम पंक्ति प्रर्दशनों का आयोजन | | आयोजित परीक्षण (औएफटी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सँख्या | लाभान्वित | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | लाभान्वित | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | लाभान्वित | संख्या | लाभान्वित |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर | 28 | 819 | 17 | 342 | 89 | 220 | 2 | 35 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर | 16 | 352 | 32 | 764 | 260 | 650 | 40 | 40 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर, भरतपुर | 21 | 747 | 14 | 409 | 183,5 | 501 | 2 | 20 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, नवगॉव, अलवर | 46 | 1421 | 41 | 1786 | 52 | 108 | 5 | 50 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा | 30 | 853 | 24 | 489 | 170.77 | 394 | 5 | 50 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर | 19 | 990 | 20 | 499 | 197.8 | 497 | 4 | 40 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपुतली, जयपुर | 16 | 609 | 9 | 192 | 139 | 292 | 3 | 30 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, अरणियां, सीकर | 17 | 560 | 23 | 437 | 63 | 168 | 3 | 30 |
| प्रसार शिक्षा निदेशालय | 18 | 564 | 10 | 419 | 8 | 40 | 0 | 0 |
| **कुल** | **211** | **6915** | **190** | **5337** | **611** | **2870** | **64** | **295** |

कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा की गई अन्य प्रसार गतिविधियां–

| कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम | प्रक्षेत्र दिवस | | विभिन्न दिवस व कार्यक्रम | | किसान मेला | | प्रर्दशनी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | लाभान्वित | संख्या | लाभान्वित | संख्या | लाभान्वित | संख्या | लाभान्वित |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर | 3 | 114 | 32 | 1179 | 0 | 0 | 9 | 32400 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर | 7 | 386 | 34 | 1502 | 2 | 759 | 6 | 196 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर, भरतपुर | 9 | 528 | 27 | 726 | 0 | 0 | 8 | 4364 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, नवगॉव, अलवर | 6 | 486 | 12 | 1467 | 3 | 1632 | 8 | 1471 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा | 4 | 128 | 14 | 562 | 0 | 0 | 5 | 3983 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर | 11 | 568 | 25 | 546 | 0 | 0 | 4 | 2564 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपूतली, जयपुर | 4 | 132 | 21 | 1279 | . | . | 1 | 120 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, अरणियां, सीकर | 4 | 211 | 6 | 298 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| प्रसार शिक्षा निदेशालय | 2 | 64 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल** | **50** | **2617** | **171** | **7559** | **5** | **2391** | **41** | **45098** |

कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा की गई अन्य प्रसार गतिविधियां–

| कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम | रेडियो वार्ता/ टीवी वार्ता | | कृषक भ्रमण | | कृषक वैज्ञानिक संवाद | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सँख्या | लाभान्वित | सँख्या | लाभान्वित | संख्या | लाभान्वित |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर | 6 | 0 | 56 | 903 | 1 | 35 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर | 1 | 0 | 29 | 782 | 0 | 0 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर, भरतपुर | 0 | 0 | 2 | 110 | 13 | 630 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, नवगॉव, अलवर | 4 | 0 | 29 | 1730 | 2 | 103 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा | 3 | Mass | 1 | 50 | 0 | 0 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर | 0 | 0 | 2 | 28 | 10 | 550 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपूतली, जयपुर | 5 | Mass | 2 | 166 | 0 | 0 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, अरणियां, सीकर | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| प्रसार शिक्षा निदेशालय | 01 | 0 | 5 | 142 | 0 | 0 |
| **कुल** | **23** | **0** | **126** | **3911** | **26** | **1318** |

**1.कृषि विज्ञान केन्द्रों पर प्रर्दशन इकाईयां–**

| कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम | प्रर्दशन इकाई का नाम | उत्पादन |
|---|---|---|
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपुतली, जयपुर | पौधशाला | 36147 पौध |
| | बकरी पालन | 8 |
| | अजौला | 3 किलों |
| | केंचुआ | 181 किलों |
| | निम्बू बगीचा | 802.7 किलो |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा | केंचुआ खाद इकाई | 120 किलो |
| | नर्सरी इकाई | 71345 पौध |
| | बकरी पालन इकाई | 10 बकरी |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर, भरतपुर | केंचुआ खाद इकाई | 20 कुन्टल |
| | मदर ओर्चार्ड इकाई | 52000रू |
| | नर्सरी इकाई | 750525रू |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, नवगॉव, अलवर | बकरी पालन इकाई | 10 (सिरोही नस्ल) |
| | केंचुआ खाद इकाई | 20 क्विंटल |
| | अजोला इकाई | 50 किलोग्राम |
| | मदर ओर्चाड इकाई | आंवला – 80 क्विंटल |
| | नर्सरीइकाई | सब्जी पौध – 327000<br>फलदार पौध–6400<br>सहजन–4150 |
| | पशुपालनइकाई | गाय–2, सांड–1, बछड़ा–1 |
| | गिर गाय इकाई | दूध– 397 किग्रा |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर | नर्सरी ईकाई | 1.05 लाख पौध<br>(टमाटर, मिर्ची, बेगन, गोभी)<br>5000 पौधे (नीम, सहजन, लसोड़ा जामुन इत्यादि) |

| | | |
|---|---|---|
| | केंचुआ ईकाई | 750 किलो खाद उत्पादन |
| | मातृ वृक्ष बगीचा | अनार, सेव, अजीर, लसोड़ा एवं बेर |
| | बकरी पालन | बकरी नर बच्चे 05<br><br>बकरी मादा बच्चे 12 |
| | मुर्गीपालन | 62 हजार |
| | गाय पालन इकाई | 04 हजार |
| | नेपियर ग्रास इकाई | 20 हजार |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर | केंचुआ इकाई | 261 किग्रा |
| | केंचुदा खाद इकाई | 1876 किग्रा |
| | अजोला इकाई | 157 किग्रा |
| | मदर ओर्चार्ड इकाई | 110000 / – |
| | नर्सरी इकाई | 20662 |
| | पशुपालन इकाई | 33000 / – |
| | हाइड्रोपोनिक इकाई | 1000 / – |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर | केंचुदा खाद इकाई | 30000 |
| | अजोला इकाई | 100 |
| | बैर एवं आंवला ओर्चार्ड इकाई | 120 |
| | नर्सरी इकाई | 20000 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र, अरणियां, सीकर | पौधशाला | 1,04,000 / – |

## 2. महत्वपूर्ण सेमीनार / कॉनफ्रैन्स / वर्कशॉप / बैठके

- **जैविक खेती को प्रोत्साहन** : प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर तथा प्रसार शिक्षा संस्थान, आनंद के सयुंक्त तत्वावधान में जैविक खेती को प्रोत्साहन विषय पर प्रसार वैज्ञानिको के लिए प्रशिक्षण दिनांक 16 से 18.01.2023 को आयोजित किया गया जिनमें कुल 22 वैज्ञानिको ने भाग लिया।
- **कृषक आय को दोगुणा करने वाली अच्छी कृषि पद्धतियां**: प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर तथा प्रसार शिक्षा संस्थान, आनंद के सयुंक्त तत्वावधान में प्रसार वैज्ञानिको के लिए प्रशिक्षण दिनोक 1 से 03 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया जिनमें कुल 23 वैज्ञानिको ने भाग लिया।
- **वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक** : प्रसार शिक्षा निदेशालय, जोबनेर के क्षेत्राधिकार में राज्य के 8 जिले समाहित हैं, जिनके सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर निदेशालय द्वारा द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की वार्षिक बैठकों का केन्द्रों पर सफल आयोजन किया गया। इन बैठकों में कृषि विज्ञान केन्द्रों पर पूर्व वर्ष के दौरान किये गये कार्यो की समीक्षा के साथ साथ आगामी वर्ष में किये जाने वाले कार्यो की रूपरेखा तैयार की जाती है। इन बैठकों में निदेशक प्रसार, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के साथ – साथ केन्द्र के वैज्ञानिक व जिले में संबंधित विभागों के पदाधिकारी हिस्सा लेते है। कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा दिनांक 13.07.2023 को, कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर पर दिनांक 15.07.2023 को, कृषि विज्ञान केन्द्र, अरणियां पर दिनांक 22.07.2023 को, कृषि विज्ञान केन्द्र, भरतपुर पर दिनांक 24.07.2023 को, कृषि विज्ञान केन्द्र, भरतपुर पर दिनांक 24. 07.2023 को, कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर पर 25.07.2023 को, कृषि विज्ञान केन्द्र, अलवर दिनांक 27.07.2023 को, कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपूतली दिनांक 08.08.2023 को आयोजित किये गये जिनकी अध्यक्षता डॉ. सुदेश कुमार, निदेशक, निदेशालय प्रसार शिक्षा, एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर ने की।
- **संरक्षित कृषि एवं प्राकृतिक खेती पर वर्चूअल प्रशिक्षण**: के.वी.के., अलवर द्वारा दिनांक 21 से 27 मार्च 2023 को संरक्षित कृषि तकनिकी केन्द्र भाकृअप–भारतीय कृषिअनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया ।
- **मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार**: के.वी.के., अलवर द्वारा दिनांक 30–31 मई 2023, 25–26 अगस्त 2023 तथा 27–28 अगस्त 2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एस.एफ.ए.सी नई दिल्ली के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित किये जिसमें जिले के क्रमशः 430, 230 तथा 180 एफ.पी.ओ. के सदस्य एवं कृषकगणों ने भाग लिया।
- **सुरक्षित अनाज भण्डारण पर जागरूकता कार्यक्रम** : डब्लू.डी.आर.ए. नई दिल्ली के सयुंक्त तत्वावधान में दिनांक 05 जून 2023 को के.वी.के., अलवर तथा के.वी.के., अजमेर पर तथा प्रसार शिक्षा निदेशालय पर दिनांक 09 जून 2023 को आयोजित किये गये जिनमें कुल 153 किसानों ने भाग लिया।







## 9. मानव संसांधन विकास निदेशालय

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के निदेशालय, मानव ससांधन विकास की स्थापना विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही सितम्बर 2013 में हुई थी। परन्तु मानव संसांधन विकास निदेशालय द्वारा स्वतंत्र रूप से कार्य 7 जनवरी 2015 को शुरू दिया गया। अपनी स्थापना के साथ ही निदेशालय मानव ससांधन के समुचित उपयोग व विकास के लिए प्रयासरत है। निदेशालय, मानव ससांधन विकास ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व छात्रों के विकास के लिए कई तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। प्रशिक्षणो के अलावा वैज्ञानिकों व शिक्षकों को राष्टीय सेमिनारों, संगोष्ठीयो व कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### निदेशालय, मानव संसाधन विकास, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा आयोजित कार्यक्रम।

1. निदेशालय, मानव संसाधन विकास, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर एवं मृदा विज्ञान कृषि रसायन कृषि महाविद्यालय श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा 21 दिवसीय विन्टर स्कूल "पर्यावरण सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन ओर उर्जा उत्पादन के लिए कृषि अपशिष्ट प्रबंधन में प्रगति" दिंनाक 18 जनवरी से 7 फरवरी 2023 तक आयोजन की गई। इस विन्टर स्कूल में देश के विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थनो के 25 कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया।



Dr. R. Verma,Shri B.L. Banjara, Comptroller, Dr. B. L. Kakralya, Director,HRD, Prof. Balraj Singh, Hon'ble VC., Dr. B.L Jat, Dean & FC,Dr. K. K. Sharma, HOD, SSAC,Dr. S. K. Dadhich, Course Director
Mr. C. Kumawat,Dr. Charu Sharma,Dr. Neemisha,Dr. Shehnaz,Dr. Roshan Choudhary,Dr. Suman Choudhary, Dr. T. D. Gurjar,Dr. H. B. Patel,Dr. D. M. Patel,Dr. S. S. Sharma
Dr. D. P. Singh,Dr. Mani Ram,Dr. B. L. Naga,Dr. Gajanand Jat,Dr. T. K. Pandit,Dr. Nitin Chawla,Dr. P. S. Patel, Dr. H. R. Ramani,Dr. B. Singh,
Dr. P. S. Shekhawat, Dr. A. S. Kale, Dr. D. K. Paliwal, Dr. J. P. Mehra,Dr. M. D. Sarkar, Dr. R. S. Meena, Dr. Pampangouda
ICAR Sponsored 21Days Winter School on the "Advances in Agricultural Waste Management For Environmental Safety, Soil Health Management and Energy Production" (18 January to 7 Febuary, 2023)
Sri Karan Narendra Agriculture University,Jobner, Jaipur (Raj.) 303 329

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के निदेशालय, मानव संसाधन विकास एवं कृषि शिक्षा अनुसंधान एवं विस्तार प्रबंधन, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा, जयपुर में 21 दिवसीय पचंम ओरियन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2023 तक किया। जिसमें विश्वविद्यालय की विभिन्न ईकाइयों में पद स्थापित नव चयनित 39 सहायक प्रध्यापकों एवं विषय विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।




3. निदेशालय, मानव संसाधन विकास, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक विश्वविद्यालय की वभिल्ल ईकाइयों के 51 शैक्षिणिक एवं अशैक्षिणिक कर्मचारीयों व अधिकारियों को ऑनलाईन/ऑफलाईन/ राष्ट्रीय सेमिनारों /शैक्षिक प्रशिक्षण में देश एवं राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में भागीदारी संस्तुति की गयी।

## 10. प्राथमिकता, निरीक्षण एवं मूल्यांकन निदेशालय

यह निदेशालय विश्वविद्यालय सम्बन्धी सूचनाओं जैसे कि वार्षिक प्रतिवेदन, वार्षिक रिर्पोट आदि तैयार करके प्रकाशन करवाता है। विश्वविद्यालय के शिक्षा, अनुसंधान एंव कृषि प्रसार संबधी महत्वपूर्ण सूचना उपलब्ध कराने या इसकी उपलब्धता के लिए मध्यस्थता निदेशालय का एक पहलू है। सभी संघटक कृषि महाविद्यालयों में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से मान्यता के लिए स्वअध्ययन प्रतिवेदन संकलित करता है। इस वर्ष निदेशालय ने आई. सी. ए. आर में प्रस्तुतीकरण के लिए वर्ष 2021–22 की वार्षिक रिर्पोट, राष्ट्रीय संस्थागत रैकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ.) आदि के प्रतिवेदन तैयार किये हैं। इस वर्ष निदेशालय ने आई. सी. ए. आर. द्वारा गठित Peer Review Team (पी.आर.टी) का कृषि महाविद्यालय फतेहपुर, शेखावाटी व कुम्हेर, भरतपुर में भ्रमण करवाया है इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर इन कृषि महाविद्यालयों को आई. सी. ए. आर. द्वारा मान्यता प्राप्त हो सकेगी। निदेशालय द्वारा प्रत्येक माह में विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाईयों में शिक्षा, अनुसंधान एवं कृषि प्रसार क्षेत्र में मासिक उपलब्धियों का प्रतिवेदन तैयार कर माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, राजस्थान राजभवन, जयपुर को प्रेषित किया जाता है।





## 11. विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण गतिविधियां

**अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष'' विश्वविद्यालय की गतिविधियां**:– श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने वर्ष 2023 को अर्न्तराष्ट्रीय पोषक वर्ष के रूप में मनाया है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की गतितिविधियां आयोजित की गई है जो निम्नानुसार है।




**1. बाजरा के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर अंतर्राष्ट्रीय कृषि व्यवसाय कॉन्क्लेव का आयोजन**:– बाजरा के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर अंतर्राष्ट्रीय कृषि व्यवसाय कॉन्क्लेव का आयोजन श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा 21–22 मार्च, 2023 को राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर बलराज सिंह, माननीय कुलपति, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मुहम्मद यूसुफ गुनू, नाइजीरिया ने की। सम्मानित अतिथि के रूप में श्री प्रकाश सिलवाल, प्रधान वैज्ञानिक, पार्टी प्रमुख, आई. आई. टी. ए., अबूजा, नाइजीरिया, डॉ. रतन यादव, प्लांट जेनेटिक्स, आई. बी. ई. आर. एस., एबरिस्थविथ विश्वविद्यालय, यू. के., डॉ. ए. के. गुप्ता, प्रभारी साबी एवं आयोजन सचिव, डॉ. ए.एस. बलोदा, निदेशक, रारी और सह–आयोजन सचिव के साथ–साथ विभिन्न देशों के प्रतिभागी, गणमान्य व्यक्ति, निदेशक, अधिष्ठाता एवं अन्य प्रतिनिधी सम्मिलित हुए। सम्मेलन में विभिन्न देशों से लगभग 300 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। भारत और विदेश के विभिन्न संस्थानों, संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ताओं ने हमारे दैनिक आहार में बाजरा के महत्व, बाजरा के प्रचार और मूल्यवर्धन और वर्तमान परिदृश्य पर व्याख्यान दिए। सम्मेलन में विभिन्न देशों से लगभग 300 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। भारत और विदेश के विभिन्न संस्थानों, संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ताओं ने हमारे दैनिक आहार में बाजरा के महत्व, बाजरा के प्रचार और मूल्यवर्धन और वर्तमान परिदृश्य में इसके दायरे पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर बाजरा एवं बाजरा उत्पाद एवं रेसिपी स्टाल प्रदर्शनी की भी योजना बनाई गई। प्रदर्शनी में करीब 50 स्टॉल लगाए गए। दूसरे दिन, समापन समारोह में राजस्थान के माननीय कृषि मंत्री श्री लाल चंद कटारिया जी उपस्थित थे। उन्होंने इस कार्यक्रम की सराहना की और श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय की पूरी टीम को इस कार्यक्रम के आयोजन और बाजरा के प्रचार और मूल्य संवर्धन के लिए किए गए प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि बाजरा प्राचीन काल से ही हमारे दैनिक आहार का अभिन्न अंग रहा है, विशेषकर बाजरा। राजस्थान में बाजरा का क्षेत्रफल और उत्पादन सबसे अधिक है और यह भारत में लगभग 4.3 मिलियन टन उत्पादन में योगदान देता है।उन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ प्रदर्शनी के सभी स्टालों का दौरा किया और बाजरा उत्पादों और व्यंजनों के बारे में विक्रेताओं से बात की। अंत में डॉ. ए.के. गुप्ता, प्रभारी एसएबीआई और कॉन्क्लेव के आयोजन सचिव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन समितियों को औपचारिक धन्यवाद दिया

**2. दो दिवसीय श्री अन्न सम्मेलन का आयोजन**:– राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा दो दिवसीय श्री अन्न सम्मेलन का आयोजन दिनांक 29–30 दिसम्बर, 2023 को किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित प्रदेष के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं डॉ. बलराज सिंह, कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर उपस्थित रहे। डॉ. बैरवा ने कहा कि किसानो को गेहूं–धान चक्र से बाहर निकलने की जरूरत है। इन दोनों फसलों के ज्यादा उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएँ देखने को मिल रही है। ऐसे में ज्वार, बाजरा, रागी, कांगनी जैसे मिलेट्स फसलों को भोजन थाली का हिस्सा बनाने की जरूरत है। क्योंकि यह फसलें ग्लूटेन फ्री है। साथ ही इनका ग्लाइसों इंडेक्स गेहूं–धान की तुलना में काफी कम है। उप मुख्यमंत्री राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय श्री अन्न सम्मेलन के शुभांरभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की एक बड़ी आबादी मधुमेह, मोटापें सहित कई दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से



जूझ रही है। वही महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या जगजाहिर है। ऐसे में जिंक, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम से भरपूर मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने रारी द्वारा जिंक, आयरन से भरपूर बाजरा किस्म त्भ्ठ–233 और त्भ्ठ.234 किस्म के विकास पर खुशी जताई। साथ ही मिलेट्स के प्रचार, प्रसार, जागरूक और वैल्यू एडिशन पर जोर दिया। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 45 लाख हैक्टर जमीन में बाजरे की बुवाई होती है। राजस्थान में देसी बाजरी के दर्जन भर से ज्यादा जर्मप्लाज्म उपलब्ध है। जिनका उपयोग बाजरे की नवीन संकर किस्मों के विकास मे किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पूसा नई दिल्ली के वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक का विकास किया है जिससे बाजरे के आटे को तीन महीने तक संरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय मिलेट् किस्मों के विकास के साथ–साथ मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण पर ध्यान दे रहा है। राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा के निदेषक डॉ. अर्जुन सिंह बलौदा ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मिलेट्स विकास निदेषालय, जयपुर के निदेषक डॉ. सुभाष चन्द्र विष्वविद्यालय के कुलसचिव रामरतन शर्मा सहित लगभग 100 कृषि वैज्ञानिकों, 900 किसानों और 700 स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने विष्वविद्यालय द्वारा तैयार कृषि कलेण्डर 2024 का विमोचन किया एवं मिलेट्स उत्पाद का स्वाद चखा।

3. अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा जैविक गॉव बिचून मे 6–8 जनवरी, 2023 को ''बाजरा आधारित बेकरी उत्पादों'' पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान एक बाजरा प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन प्रोफेसर बलराज सिंह, माननीय कुलपति, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा किया गया। माननीय कुलपति जी ने किसानों को आहार में बाजरा के महत्व और पोषण मूल्य के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। बाजरा बिस्किट, बाजरा लड्डू, बाजरा खीर, केक आदि जैसे विभिन्न बाजरा प्रसंस्कृत उत्पादों पर प्रदर्शन लगाये गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को बाजरा बिस्कुट भी वितरित किए गए।

4. दिनांक 11 जनवरी 2023 माननीय कुलपति, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर प्रोफेसर बलराज सिंह द्वारा श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर ''मानव स्वास्थ्य में सुधार के लिए बाजरा का महत्व और भूमिका'' पर व्याख्यान दिया गया था।

5. दिनांक 08 जनवरी 2023 को कृषि महाविद्यालय, फ़तेहपुर में माननीय कुलपति डॉ. बलराज सिंह द्वारा ''अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष का जश्न'' विषय पर एक व्याख्यान दिया गया।

6. कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर (भरतपुर) में दिनांक 07 जनवरी 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में लगभग 70 व्यक्तियों ने भाग लिया।

7. बाजरा की खपत को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्र / महाविद्यालय और स्टेशनों पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

8. डॉ. एम. एल. जाखड, निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा ''न्यूट्री–सीरियल पर्लमिल्लेट : बायोफोर्टिफिकेशन, भारत में खाद्य उद्योग के लिए अवसर और बाधाएं'' पर 19 जनवरी 2023 को कृषि विज्ञान केंद्र, कोटपूतली में व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 कृषि डीलरों ने भाग लिया।

9. विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के प्रत्येक छात्रावास में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत बाजरा भोजन दिवस का आयोजन किया गया।




10. बाजरा के उपयोग और महत्व के बारे में छात्रों और ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न घटक महाविद्यालयों के छात्रों द्वारा नियमित रूप से रैली का आयोजन किया गया है

11. दिनांक 23 जनवरी 2023 को आत्मा, भरतपुर, ल्यूपिन और मेवात सरसों उत्पादक संगठन द्वारा संयुक्त रूप से एक किसान गोष्ठी का आयोजन कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर में किया गया और डॉ. उदय भान सिंह ने ''बाजरा का पोषण मूल्य और उच्च तकनीक बागवानी'' विषय पर व्याख्यान दिया। इस किसान गोष्ठी में लगभग 300 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

12. कृषि विज्ञान केंद्र, फ़तेहपुर–शेखावाटी द्वारा रहनावा, बाबरी (खंडेला) और कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों और कृषक महिलाओं के लिए एक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। किसान आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री महादेव सिंह खण्डेला एवं माननीय कुलपति, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर प्रोफेसर बलराज सिंह ने बाजरा के महत्व के बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने मानव स्वास्थ्य के लिए बाजरा के महत्व और लाभ पर व्याख्यान दिए। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 350 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

13. कृषि महाविद्यालय, फ़तेहपुर में 19 जुलाई, 2023 को चारा उद्यान की स्थापना की गई, जहाँ चारे के लिए बाजरा भी प्रदर्शन के लिए लगाया गया। वैज्ञानिकों ने बाजरा के बीज उत्पादन एवं राजस्थान में बाजरा के परिदृश्य पर व्याख्यान दिया।

➢ **तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान कर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए चार व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का आयोजन** – राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ–साथ आवश्यक तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उदेद्श्य से बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी, पोल्ट्री फार्म का उद्यमिता प्रबंधन, फसल कटाई के बाद प्रबंधन और बागवानी फसलों का मूल्य संवर्धन, जैव कीटनाशकों का बड़े पैमाने पर उत्पादन विषयों पर चार व्यावसायिक सर्टिफिकेट कोर्सज का आयोजन किया गया। इन व्यावसायिक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर और कृषि महाविद्यालय, लालसोट के कुल 182 स्नातक छात्र–छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

1. बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक महीने का व्यावसायिक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम 30 जनवरी से 28 फरवरी, 2023 तक आयोजित किया गया था। इस पाठ्यक्रम में श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के 28 स्नातक छात्रों ने भाग लिया था। इस व्यावसायिक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में उद्यमशीलता कौशल प्रदान करना और छात्रों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना था ताकि वे बीज उद्योग, कृषि नर्सरी और बीज प्रसंस्करण संयंत्र आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बना

सकें। इस पाठ्यक्रम के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से स्वयं एवं पर–परागित फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन, संकर बीज उत्पादन, प्रसंस्करण, परीक्षण, प्रमाणीकरण, गुणवत्ता सहित बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने बीज प्रसंस्करण इकाई का भी दौरा किया जहां उन्हें बीज प्रसंस्करण के सभी पहलुओं का विस्तृत प्रदर्शन दिया गया।

2. पोल्ट्री फार्म के उद्यमिता प्रबंधन पर एक महीने का व्यावसायिक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम 25 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2023 तक आयोजित किया गया था। इस पाठ्यक्रम में कृषि महाविद्यालय, लालसोट के 35 स्नातक छात्रों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में छात्रों के आर्थिक उत्थान/स्वरोजगार के लिए उनके कौशल विकास हेतु मुर्गी पालन के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक ज्ञान प्रदान किया गया। पाठ्यक्रम के दौरान, छात्रों ने एक वाणिज्यिक पोल्ट्री फार्म, जयसिंहपुरा का भी दौरा किया जहां सभी छात्रों को पोल्ट्री स्वचालित फ़ीड निर्माण और वितरण, ग्रोअर हाउस और पिंजरे प्रणाली के साथ लेयर हाउस का विस्तृत प्रदर्शन का अनुभव लिया।

3. फसल कटाई के बाद प्रबंधन और बागवानी फसलों के मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में उद्यमशीलता कौशल प्रदान कर छात्रों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करन के उद्देश्य से एक महीने का व्यावसायिक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम 21 नवंबर से 20 दिसंबर, 2023 तक आयोजित किया गया जिसमें श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के 60 स्नातक छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पाठ्यक्रम के दौरान, विभिन्न बागवानी उत्पादों जैसे आंवला कैंडी, मुरब्बा, नींबू और किन्नू स्क्वैश, सेब जैम और टमाटर सॉस आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया

4. जैव–कीटनाशकों का बड़े पैमाने पर उत्पादन विषय पर एक महीने का व्यावसायिक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम 23 नवंबर से 22 दिसंबर, 2023 तक आयोजित किया गया था। जिसमें श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के 60 स्नातक छात्रों ने भाग लिया। इस व्यावसायिक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का उद्देश्य जैव–कीटनाशकों के उत्पादन के क्षेत्र में उद्यमशीलता कौशल प्रदान करना और छात्रों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना था। इस पाठ्यक्रम के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जैव कीटनाशकों के विभिन्न पहलुओं जैसे जैव कीटनाशकों का परिचय, महत्व, जैव एजेंटों की विशिष्ट विशेषताएं, ट्राइकोडर्मा, स्यूडोमोनास, बैसिलस, मेटारिज़ियम बायोएजेंट और बायोपेस्टीसाइड्स का बड़े पैमाने पर गुणन, बायोएजेंटों के अनुप्रयोग के तरीके, जैविक खेती आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



➢ **प्लेसमेंट मेलों का आयोजन** – श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के वित्तीय सहयोग से 22 दिसंबर 2023 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय में एक दिवसीय प्लेसमेंट मेले का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। मेले के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 11 संघटक कृषि महाविधालयो के लगभग 980 छात्रों ने भाग लिया। मेले में कृषि एवं बैंकों से जुड़ी 15 कंपनियों जैसे क्रिस्टल, कोरटेवा, धानुका, वेलकोन, विरबैक, नंदी शीड, आईसीआईसीआई बैंक इत्यादि ने विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर दिये। धानुका कम्पनी द्वारा 21 स्नातक अंतिम वर्ष, 12 डठ। एवं 3 संघटक कृषि महाविधालयों के छात्रों को इंटर्नशिप के लिए चयन किया और क्रिस्टल कम्पनी द्वारा 3 डठ। छात्रों को रोजगार दिया गया।



➢ **उद्यमिता/कौशल विकास प्रशिक्षणों का आयोजन** – एक सफल उद्यमी बनना आसान नहीं है लेकिन ये उतना भी कठिन नही है उद्यमिता कौशल के जरिए आप बिजनेस में आने वाली समस्याओं से बच सकते हैं समस्याओं का समाधान कर सकते है। एक Entrepreneur के अंदर दूसरो से अलग सोचना, लोगो को हैंडल करने की क्षमता, जिम्मेदारी आदि सभी गुण होते हैं। इन सभी गुणों को सीखने के लिए राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि

विश्वविद्यालय, जोबनेर के द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर उद्यमशीलता/कौशल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और छात्रों के बीच उद्यमशीलता मानसिकता का निर्माण करने के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्र में उद्यमिता/कौशल विकास पहल की दिशा में जनवरी 2023 से मार्च 2023 के दौरान 4 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षणों से 168 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

➢ **राजस्व सृजन के लिए प्रशिक्षणों का आयोजन** – श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना में कृषि स्टार्टअप, कृषि व्यवसाय आदि शुरू करने के लिए छात्रों में संचार कौशल, उद्यमशीलता कौशल, सूचना प्रसंस्करण, रचनात्मक और अभिनव सोच, नेतृत्व कौशल और उद्योग–लिंकेज जैसी मानसिकता विकसित करने के लिए उद्यमशीलता प्रशिक्षण के माध्यम से राजस्व सृजन की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मई 2023 से दिसंबर 2023 के दौरान 12 उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करवाए गए। जिनके माध्यम से कुल राजस्व रुपये 6 लाख 90 हजार प्राप्त हुए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों सें देश एवं राज्य के विशिष्ट कृषि संस्थानों व संगठनों के 460 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

➢ **कृषि शिक्षा मेलों का आयोजन**– भारत में कृषि के भविष्य को मजबूत करने के लिए युवाओं को कृषि शिक्षा की ओर आकर्षित करना एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके लिए कृषि संबंधित विषयों के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले युवाओं के बीच बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना में कृषि–शिक्षा में जागरूकता पैदा करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार हाई स्कूल और सीनियर स्कूल स्तर पर कृषि को मुख्य धारा के रूप में चुनने के लिए जुलाई 2023 से दिसंबर 2023 के दौरान विश्वविद्यालय के आठ संघटक महाविद्यालयों में आठ कृषि शिक्षा मेलों का आयोजन किया गया। इन कृषि शिक्षा मेलों के दौरान कृषि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार की विभिन्न जानकारी के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी–2020) के तहत विद्यालय स्तर पर कृषि शिक्षा शुरू करने, कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश–निकास विकल्पों के साथ अकादमिक क्रेडिट बैंक और डिग्री कार्यक्रम लाने की जानकारी दी तथा स्टूडेन्ट रेडी प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया। इन कृषि शिक्षा मेलों के दौरान विद्यार्थियों ने प्रदर्शनियों का अवलोकन, महाविद्यालयों की ईकाईयों का भ्रमण, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों में भाग लेकर कृषि विज्ञान विषय एवं कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की विस्तृत जानकारी ली। इन कृषि शिक्षा मेलों से लगभग 2520 लाभार्थी लाभान्वित हुए।





➢ **स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत विद्यर्थियो को अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण** – राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण हेतु विदेश के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर व कृषि महाविद्यालय, लालसोट के विद्यार्थियों ने स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बैंकाँक व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया में क्रमशः एक व दो महीनो तक प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमे उन्होने ड्रोन प्रदर्शन एव कृषि मे इसका उपयोग, ऑनलाइन रिमोट ट्रांस्प्लान्टर के माध्यम से चावल कि रोपाई व पानी कि कमी वाले क्षेत्रो मे आर्किड उगाना और टमाटर के पोधो मे ध्वनि परागण जैसे बिन्दुओ पर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस योजना के तहत 29 विद्यार्थियों ने विदेश में अलग– अलग कृषि के विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया जो इनके भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा।

➢ **फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत शिक्षको को अन्तराष्ट्रीय प्रशिक्षण** – विश्वविद्यालय के 15 शिक्षको ने भी फैकल्टी

डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत जापान, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, यू.एस.ए., फिनलैडं, कोरीया, इटली जैसे कई उच्च स्तरीय विश्वविद्यालयो व संस्थानों में 15 दिन से 5 महीनो तक अलग–अलग विषयों एवं फसलों में प्रशिक्षण प्राप्त किया इन कार्यक्रमों में फैकल्टी ने कई किस्मों की गेंदे की पंखुड़ियों से प्रमुख लिपोफिलिक यौगिकों का निष्कर्षण और गैसक्रोमैटोग्राफी–मास स्पेक्ट्रोमेट्री (जीसी–एमएस), जीसी–फ्लेम आयनीकरण डिटेक्शन (एफआईडी), और तरल क्रोमैटोग्राफी–मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एलसी–) जैसी उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों का उपयोग करके सामग्री का विश्लेषण किया और टिकाऊ कृषि उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी की उर्वरता का प्रबंधन व जलवायु संबंधी कारको से प्रभावित स्थलीय एव जलीय संदूषक का परिवहन आदि शीर्षकों पर कार्य करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। ये प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के छात्रों व किसानो के लिये कृषि हेतु उपयोगी होगा व विदेशों के नामी विश्वविद्यालयों से अनुबंध की राह भी खुलेगी, जिससे यहाँ के विद्यार्थी विदेश जा कर वहाँ की परिस्थितियों में अनुसंधान कर नया अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।





➢ **2023 में एस.के.एन. एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर की उपलब्धियां**:– कृषि उद्यमिता के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में एस.के.ए. एग्री – बिजनेस इनक्यूबेटर (साबी) ने 2023 में एक उल्लेखनीय वर्ष बिताया, जो उपलब्धियों, सहयोग और कृषि–स्टार्टअप के पोषण के लिए एक दृढ़ प्रतिबद्धता द्वारा चिह्नित है। आर.आई.सी का आयोजन 27 दिसंबर और 27 जनवरी 2023 किया गया। 24 व 25 जनवरी 2023 को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित "कृषि महोत्सवः प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण" में साबी से संबद्ध सात स्टार्टप्स ने भाग लिया। दिनांक 19 फरवरी 2023 को सीसीएस–नियाम में "सीसीएस– नियाम एग्री इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर" के उद्घाटन के अवसर निदेशक, साबी को सराहनीय कार्य के लिए माननीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार सहित गणमान्य लोगों के द्वारा प्लेटिनम पुरस्कार प्रदान किया गया। 24 फरवरी 2023 को साबी द्वारा आर. के. वी.वाई के तहत कृषि – स्टार्टप के लिए "एक्सिलरेटर फंड" पर एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। 2 जून, 2023 को बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें कृषि क्षेत्र में बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व के बारे में बताया गया। 28 अक्टूबर, 2023 को स्टार्टअप मीट का आयोजन किया गया। नवंबर माह में "कृषि और संबद्ध विज्ञान में बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के आर्थिक आयाम एक बहुरूपदर्शक दृश्य" विषय पर एक







7–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्टार्टअप के दायरे से परे, साबी ने राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव और राजस्थान किसान महोत्सव 2023 सहित कार्यक्रमों और सम्मेलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें माननीय कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह, डॉ. एम. एल. जाखड़ (निदेशक, एचआरडी) और डॉ. ए.के. गुप्ता ने भाग लिया। साबी में प्रशिक्षित स्टार्टअप की उल्लेखनीय

सफलता निम्न है, जैसे कि आदविक फूड्स एंड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शार्क टैंक इंडिया सीजन 2 में प्रदर्शित और वर्डेट इम्पैक्ट प्राइवेट लिमिटेड टेकस्पार्क 2023 के दौरान पिच फेस्ट 2023 में विजेता के रूप में उभरा। संक्षेप में, 2023 एस.के.एन. एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर के लिए विजय का वर्ष रहा है, जो कृषि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे–जैसे साबी नए क्षेत्रों की योजना बना रहा है, यह सफलता की किरण और कृषि उद्यमिता के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में खड़ा है।

➢ **24 वीं राष्ट्रीय वार्षिक मृदा आथ्रोपोड की बैठकः**– 24 वीं राष्ट्रीय वार्षिक मृदा आथ्रोपोड की बैठक दिनांक 13–14 जुलाई को राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में आयोजित की गई। इस बैठक के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. दूबे (ADG PP & B-ICAR, New Delhi) मुख्य अतिथि आदरणीय डॉ. बलराज सिंह (कुलपति, एसकेएनएयू, जोबनेर) एवं इसके विषय विशेषज्ञ सदस्य डॉ. एस. एन. सुशील (निदेशक, एनबीएआईआर बेगंलुरू), डॉ. एच.सी. दूबे ने जीपीएस आधारित तकनीक से कीट सर्वेक्षण करने और सफेद लट, दीमक एवं कटवर्म का राष्ट्रीय मानचित्र विकसित करने के लिए सभी केन्द्रों को एक वर्ष में रोड़ मैप तैयार करने पर जोर दिया। डॉ. बलराज सिंह ने बड़े पैमाने पर जैव–नियंत्रण प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करके विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के बीच समन्वय द्वारा पर्यावरण अनुकूलित कीट प्रबंधन दृष्टिकोण पर अधिक जोर देने पर प्रकाश डाला।





➢ **कृषि महाविद्यालयों में प्रशासनिक भवन व छात्रावास निर्माण** :– श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यलय, जोबनेर के 8 संघटक कृषि महाविद्यालयों कमशः कोटपुतली, नौगांव, किशनगढबास, बसेडी, झिलाई, पीथमपुरी भुसावर एवं डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन, छात्र एवं छात्राओं छात्रावास, अधिष्ठाता निवास आदि भवनों का शिलान्यास कर दिया गया है एवं भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है जो कि वर्ष 2024–25 में पूर्ण होने की सम्भावना है।



➢ **विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाईट का लोकार्पण** :– कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की नवीन वेबसाईट का लोकार्पण माननीय उपराष्ट्रपति, श्री जगदीप धनकड के कर कमलों द्वारा दिनांक 14 सितम्बर 2023 को विश्वविद्यालय के 11 वें स्थापना दिवस समारोह में किया गया। यह नवीन वेबसाइट कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की प्रगति, नवाचारों, उपलब्धियों और प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करती है। इसमें एक व्यवस्थापक पैनल, गतिशील सामग्री, एकाधिक पेज बनाने



की क्षमता, द्विभाषी समर्थन, प्रतिक्रिया और उपयोगकर्ता लॉग शामिल हैं। अन्य विशेषता एक पॉप–अप बैनर है जो आगामी

गतिविधियों की महत्वपूर्ण जानकारी या घोषणाएँ प्रदर्शित कर सकता है। नई वेबसाइट सीधे आईएमडी, पुणे से लिए गए वास्तविक समय डेटा के लिए कृषि जलवायु विवरण, विशेष रूप से अधिकतम और न्यूनतम तापमान और अपेक्षित मौसम की स्थिति जैसे विजेट का भी प्रदर्शन करती है। अभी यह नई वेबसाइट पुरानी वेबसाइट के साथ पायलट मोड़ पर चल रही है

➢ **एआर/वीआर अनुभव केंद्र की स्थापना** :– कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में "एआर/वीआर अनुभव केंद्र" स्थापित किया गया जिसका उद्घाटन 26.04.2023 को माननीय कुलपति, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय डॉ. बलराज सिंह द्वारा किया गया था। वीआर तकनीक एक त्रि–आयामी वातावरण का कंप्यूटर–जनित सिमुलेशन है जिसे हेडसेट के उपयोग के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। यह "एआर/वीआर अनुभव केंद्र" अनुभव एक सुविधा है जिसे वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से कृषि अनुसंधान, नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर, एनएएचईपी–घटक –2 द्वारा स्थापित किया गया है। यह केंद्र उन्नत उपकरणों से सुसज्जित है जो अनुसंधानरत वैज्ञानिको और छात्रों को आभासी वास्तविकता के क्षेत्र में कृषि से संबंधित नए अनुप्रयोगों और सॉफ्टवेयर का अनुभव करने में सक्षम है।



➢ **बीजीय मसाला पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन** – "उन्नत प्रोद्योगिकियों के माध्यम से बीजीय मसाला फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना" पादप प्रजनन और आनुवंशिकी विभाग में मसालों पर एआईसीआरपी के सहयोग से बागवानी के एकीकृत विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत सुपारी और मसाला विकास निदेशालय (डीएएसडी), कोझीकोड द्वारा प्रायोजित जिला स्तरीय सेमिनार 14–15 फरवरी, 2023 को आयोजित की गई। इस जिला स्तरीय सेमिनार में राजस्थान के जयपुर और नागौर जिलों के किसानों, सहायक कृषि अधिकारियों, कृषि पर्यवेक्षकों सहित कुल 119 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

➢ **कृषि महाविद्यालय कुम्हेर (भरतपुर) एवं फतेहपुर–शेखावाटी में पी. आर. टी. दल का अवलोकन**:– श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर (भरतपुर) एवं फतेहपुर, शेखावाटी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त करने हेतु पी. आर. टी. दल का अवलोकन दिनांक 21–24 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ।

➢ **डेयरी विज्ञान एवं प्रौधोगिकी महाविद्यालय में विकसित चारा गार्डन को बेस्ट मेन्टेड गार्डन का पुरस्कार** :–डेयरी विज्ञान एवं प्रौधोगिकी महाविद्यालय, जोबनेर में चारा गार्डन विकसित किया हुआ है। इस चारा गार्डन को भारतीय चारा अनुसंधान संस्थान (IGFRI) झांसी द्वारा बेस्ट मेन्टेण्ड गार्डन द्वारा पुरूष्कृत किया गया।

➢ **श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्विद्यालय, जोबनेर एवं संघटक कृषि महाविद्यालयों को मान्यता**:– श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर एवं दो संघटक कृषि महाविद्यालय क्रमशः जोबनेर एवं लालसोट को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा मान्यता ( ।बबतमकपजंजपवद) को 31 मार्च 2026 तक के लिये बढाया गया है।

➢ **रिमोट पायलट ट्रेनिंग आर्गेनाईजेशन** (RPTO) – श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के कृषि अभियांत्रिकी विभाग में चल रहे। कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोगों पर उत्कृष्टता केंद्र (RKVY-32) प्रोजेक्ट के तहदस्थापित की गयी सुविधाओं के चलते जून 2023 से कृषि अभियांत्रिकी विभाग में डीजीसीए, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत रिमोट पायलट ट्रेनिंग आर्गेनाईजेशन (RPTO) शुरू किया गया है जो की पुरे राजस्थान राज्य में पहला RPTO है। इस RPTO के तहद स्माल केटेगरी के ड्रोन को चलाने एवं उसके रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें प्रशिक्षण लेने हेतु प्रतिभागी कम से कम दसवीं पास होना जरूरी है एवं उसकी उम्र 18 वर्ष से ज्यादा होना जरूरी है। अब तक त्च्ज्व के अंतर्गत 32 प्रतिभागियों ने ट्रेनिंग ली है एवं डीजीसीए का ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट प्राप्त किया है।



➢ **छठवां एलुमनाई मीट–2023 का आयोजन**:– श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में 25 मार्च, 2023 को छठवां

एलुमनाई मीट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के पास आउट विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीजी एसीबी. डॉ. बीएल सोनी एवं अध्यक्षता कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने की। डॉ. बी. एल. सोनी ने अपने विद्यार्थी जीवन और शिक्षा को लेकर विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को वरिष्ठजनों के ज्ञान कौशल का लाभ लेकर जीवन आगे बढने का संदेश दिया। कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने विश्वविद्यालय नई ऊचाईयों पर ले जाने के लिये अपना शत् प्रतिशत करने का संदेश दिया।






➢ **समझौता ज्ञापन** : विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान व शोध में गुणवता बढाने के लिए 15 राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं से समझौता अनुबन्ध किये हैं। इनसे छात्रों व वैज्ञानिक को विश्वस्तरीय शोध संस्थाओ में अनुसंधान व शोध करने का अवसर मिलेगा।

➢ **नाबार्ड द्वारा एकीकृत कृषि प्रणाली परियोजना के तहत इकाई की स्थापना** : कृषि अनुसन्धान केंद्र, फतेहपुर – शेखावटी, सीकर में  बकरी पालन, जल कुण्ड, उद्यान, केचुआ एवं अजोला ईकाइ का कार्य पूर्ण हुआ।

➢ **गाजरघास जागरूकता सप्ताह का आयोजन** : श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के तत्वाधान में गाजरघास जागरूकता सप्ताह का आयोजन अनुसंधान निदेशालय, जोबनेर द्वारा 16 से 22 अगस्त, 2023 को किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों, विभिन्न विभागों के सदस्यगण एवं कर्मचारियों को गाजर घास के तकनीकी पहलूओं तथा इसके नियंत्रण के विभिन्न आयामों की विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही पारथेनियम अवेयरनेस ''क्विज'' का आयोजन श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के सहयोग से किया गया जिसमें महाविद्यालय के 128 प्रतिभागियों नें भाग लिया।




➢ **मशरूम उत्पादन इकाई की स्थापना** : कृषि अनुसन्धान केंद्र, नौगांवा पर मशरूम उत्पादन एवं प्रदर्शन इकाई की स्थापना की गई है मशरूम उत्पादन प्रदर्शन इकाई में ढींगरी व बटन मशरूम उगाई जाती है। मशरूम का स्पान उत्पादन प्रयोगशाला में ढींगरी व बटन आदि मशरूम का स्पान उत्पादन किया जाता है। मशरूम प्रयोजना में मशरूम उत्पादन तकनीक से ग्रामीण युवाओं में उधमिता विकास के लिए प्रशिक्षण दिया गया है।

➢ **कृषि में नैनो उर्वरकों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला** : राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा द्वारा कृषि में नैनो उर्वरकों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 02 मार्च, 2023 को किया गया। जिसमें 300 किसानों, वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

➢ **पौधरोपण** : श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की विभिन्न इकाईयों पर प्रतिवर्ष सघन पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य हरित कैम्पस व साफ सुथरा परिसर है। वर्ष 2023 में श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय परिसर व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गए गाँवों में लगभग 3000 पौधे का रोपण किया गया।





➢ **कर्ण नरेंद्र ट्राइकोडर्मा (केएनटी) का उत्पादन :** मृदा जनित रोगों के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन की सुविधा के लिए पौध व्याधि विभाग, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में ट्राइकोडर्मा हर्जियानम का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू किया गया है। उत्पाद को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की विभिन्न इकाइयों को उनकी मांग के अनुसार फसल के मौसम के दौरान आपूर्ति की गई और प्रदर्शन उद्देश्य के लिए किसानों को भी आपूर्ति की गई।

➢ **जिला स्तरीय पांच दिवसीय आत्मा के दो प्रशिक्षण संमवित कृषि विषय पर :** कृषि विभाग, अलवर तथा टोंक के संयुक्त सौजन्य से प्रसार शिक्षा निदेशालय, एसकेएनएयू, जोबनेर द्वारा दिनांक 28 फरवरी से 04 मार्च तथा 20 से 24 मार्च, 2023 को सफलतापूर्वक आयोजित किये गये। जिसमें 30–30 किसानों ने भाग लिया।

➢ **मसाला फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकियां :** प्रसार शिक्षा निदेशालय, एसकेएनएयू, जोबनेर तथा मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कालीकट के सयुंक्त तत्ववधान में मसाला फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकियां को प्रोत्साहन करने के लिए प्रशिक्षण दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 को आयोजित किया गया जिनमें कुल 91 किसानों ने भाग लिया।

➢ **मास्टर ट्रेनर्स (शिक्षक) का प्रशिक्षण :** स्कूल पोषण उद्यान पहल के तहत मास्टर ट्रेनर्स (सरकारी स्कूलों के शिक्षक) का प्रशिक्षण प्रसार शिक्षा निदेशालय, एसकेएनएयू, जोबनेर द्वारा दिनांक 27 सितम्बर 2023 को आयोजित किया गया जिसमें 25 स्कूलों के शिक्षको ने भाग लिया।

➢ **जिला स्तरीय वर्कशॉप "राजस्थान में मिलैट पोषण का खजाना" विषय पर :** कृषि विभाग, जयपुर के संयुक्त सौजन्य से प्रसार शिक्षा निदेशालय, एसकेएनएयू, जोबनेर द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर, 2023 को आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि महाविधालय के वैज्ञानिकों तथा कृषि पर्यवेक्षको सहित 96 लोगों ने भाग लिया।

➢ **विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गांव सुन्दरपुरा में वर्ष 2023 में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित :** विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांव सुन्दरपुरा में कम्प्यूटर साक्षरता, वृहद् वृक्षारोपण, स्वच्छता कार्यक्रम, पशु स्वास्थ्य जांच शिविर तथा उन्नत पशुपालन जागरूकता कार्यक्रम, नर्सरी प्रबंधन, वर्षा जल संरक्षण, दक्षता आधारित उन्नत पशुपालन पर प्रशिक्षण, वृद्धजनों (सिनियर सिटिजन) के सम्मान आदि कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किये गये।





➢ **महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रशंसा पत्र :** यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पॉसिबिलिटी के तहत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांव सुन्दरपुरा में संमवित विकास की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो के लिये महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

➢ **श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर का केलेण्डर और डायरी 2023 का प्रकाशन :** प्रत्येक की 1000 प्रतियॉ मुद्रित करवाकर कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों को तथा कृषकों तक नवीनतम कृषि प्रौधोगिकी का प्रचार–प्रसार किया।

➢ **छात्र छात्राओं हेतु एम्बूलेंस सुविधा :** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर के छात्र–छात्राओं के लिए 2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंति पर माननीय कुलपति डॉ. बलराज सिंह श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय द्वारा शुभारम्भ किया।



## 12. पुरस्कार

- अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसन्धान परियोजना को 24वीं वार्षिक समूह बैठक में सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार 2022–23 से सम्मानित किया गया।
- डॉ. रानी सक्सैनाः सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार कृषि मौसम विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए केवीके, मधुबनी, बिहार 11–13 फरवरी, 2023
- डॉ. के.सी. गुप्ता और डॉ. सीमा शर्मा, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में आयोजित बाजरा के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर अंतर्राष्ट्रीय कृषि व्यवसाय सम्मेलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया गया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपूतली को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर द्वारा 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस समारोह में सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया।
- डॉ रमाकांत शर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर द्वारा 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी, अजमेर को मेगा कृषि–एक्सपो एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, कृषि विज्ञान केन्द्र, मधुबनी, बिहार में आयोजित प्रदर्शनी 11 से 13 फरवरी, 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी पुरस्कार मिला।
- कृषक श्री सुरेन्द्र अवाना, गांव– भैराना, बिचून, जिला– जयपुर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 03 मार्च–2023 को संमवित कृषि प्रणाली तथा प्राकृतिक खेती में किये विशेष नवाचारों के लिए फैलो फार्मर्स अवार्ड–2022प्रदान किया गया।
- कृषक डॉ श्रवण यादव, गांव– सुन्दरपुरा, जिला– जयपुर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 03 मार्च–2023 को वर्मीकम्पोस्ट जथा जैविक खेती में अच्छे नवाचारी कार्यो के लिए इनोवेटिव फार्मर्स अवार्ड–2022 प्रदान किया गया।
- कृषक श्री गंगाराम सेपट, गांव– कालख जिला– जयपुर व कृषक श्री मांगी लाल जीतरवाल, गांव– मुरलीपुरा, जिला– जयपुर को बागवानी फसलों में गुणवता सुधार व मूल्यःसंवर्धन के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, पूने– महाराष्ट्र द्वारा नवाचारी फार्मर्स अवार्ड– 2023 प्रदान किया गया ।
- कृषक श्री श्याम सुन्दर शर्मा कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा के किसान को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 04 मार्च–2023 को वर्मीकम्पोस्ट जथा जैविक खेती में अच्छे नवाचारी कार्यो के लिए इनोवेटीव फार्मर्स अवार्ड–2022 प्रदान किया गया।
- कृषक श्रीमती रूबी पारीक, कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा के किसान को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 04 मार्च–2023 को नवाचारी कार्यो के लिए इनोवेटीव फार्मर्स अवार्ड–2022प्रदान किया गया।
- कृषक श्री श्याम सुन्दर शर्मा कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा के किसान को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 07 दिसम्बर–2023 को अच्छे नवाचारी कार्यो के लिए मिलेनिअर फार्मर अवार्ड 2023 प्रदान किया गया।प्रतिष्ठित आगंतुक

## 13. प्रतिष्ठित आगंतुक

1. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 08.01.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अरणिया (सीकर) का दौरा किया।
2. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 07–08.01.2023 को कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी, कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर व कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर का दौरा किया।
3. ऐटम गारंग डेक्यूक, संसद सदस्य, सुडान ने राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में अनुसंधान परीक्षण का भ्रमण किया।
4. अटेमगारंगदेकुएक संसद सदस्य सूडान ने दिनांक 05–1–2023 को राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में खरपतवार प्रबंधन पर अनुसंधान परीक्षणों का दौरा किया
5. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 16.01.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपुतली एवं कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, गोनेडा (कोटपुतली) का दौरा किया।
6. डॉ. पी. के. राय, निदेशक, सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर ने श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में तारामीरा फसल पर चल रहे अनुसांधान कार्यो का अवलोकन किया।
7. डॉ. विमल कुमार पाण्डे, प्रबन्धक (शस्य विज्ञान) एवं श्री योगेन्द्र राठौड, क्षेत्रीय अनुसंधान अधिकारी कोर्टेवा एग्री सांइन्स, जयपुर ने श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में ओरोबेंकी पर चल रहे अनुसंधान परीक्षणों का भ्रमण किया।
8. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, श्री सुरेश मोदी, माननीय विधायक नीमकाथाना, श्री टीकाराम, जूली, माननीय मंत्री सामाजिक न्याय विभाग एवं अधिकारिता, राजस्थान सरकार, श्री भंवर जितेन्द्र सिंह, श्री जुबेरखान, चेयरमैन मेवात विकास बोर्ड द्वारा दिनांक 04.02.2023 को कृषि महाविद्यालय, नौगांव के प्रशासनिक व अन्य भवनों का शिलान्यास किया गया।
9. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 04.02.2023 को कृषि महाविद्यालय, किशनगढबास का भ्रमण कर महाविद्यालय में चल रहे भवन निर्माण एवं फार्म के विकास संबंधी कार्यों का परिविक्षण किया।
10. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 05.02.2023 को कृषि महाविद्यालय, कोटपुतली का भ्रमण किया।
11. डॉ. इन्द्रजीत शायला बिन्द्रा, पल्स ब्रीडर एवं डॉ. उपाशना रानी, प्रिंसिपल पैथोलोजिस्ट पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना ने दिनांक 01.02.2023 को राजस्थान कृषि अनुसांधान, दुर्गापुरा में अखिल भारतीय चना अनुसंधान परियोजना के अन्तर्गत अनुसंधान कार्यों का परिविक्षण किया।
12. श्री भागीरथ चौधरी, माननीय सांसद, अजमेर ने दिनांक 27.02.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी (अजमेर) का भ्रमण किया।
13. डॉ. महक सिंह, अनुसंधान निदेशक, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं तकनिकी विश्वविद्यालय, कानपुर एवं डॉ. बी. एल मीणा, वैज्ञानिक सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर ने श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में अखिल भारतीय सरसों अनुसंधान परियोजना के तहत् चल रहे अनुसंधान कार्यों को परिविक्षण किया।
14. डॉ. अजिल कुमार कर्नाटका, माननीय कुलपति, महाराण प्रताप कृषि एवं प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर ने दिनांक 07. 02.2023 को विश्वविद्यालय का भ्रमण किया।
15. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 05.02.2023 को कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगांव में बीज उत्पादन व अनुसंधान कार्यों का परिविक्षण किया।

16. डॉ. एम. एस. यादव, प्रधान वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, आई. पी. एम., नई दिल्ली ने दिनांक 06.02.2023 को कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगांव में चल रहे अनुसंधान कार्यों का परिविक्षण किया।
17. डॉ. रणदीप सिंह, भूतपूर्व सहायक, निदेशक एवं प्रधान वैज्ञानिक आई. आई. डब्ल्यु. बी. आर. करनाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र, नौगांव व जौ के प्रथम पंक्ति प्रदर्शनों का अवलोकन किया।
18. डॉ. डी. पी. अहुजा, पूर्व निदेशक, एन. सी. आई. पी. एम., नई दिल्ली ने दिनांक 09.03.2023 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के कीट विज्ञान विभाग का भ्रमण किया।
19. डॉ. एम. एस. यादव, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ. के. वी. राघवेन्द्र, वैज्ञानिक, एन. आर. सी. आई. पी. एम., नई दिल्ली ने श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर का भ्रमण किया।
20. डॉ. अरूण कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, सरसों अनुसंधान निदेशालय ने दिनांक 14.03.2023 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में तारामीरा पर चल रहे अनुसंधान कार्यों का अवलोकन किया।
21. डॉ. रामजी लाल खण्डेलवाल, एमरिर्टस प्रोफेसर, जैव रसायन विज्ञान, साकथवान, कनाडा, श्री के. सी. खण्डेलवाल, पूर्वनिदेशक, अक्षयउर्जा निगम, राजस्थान ने दिनांक 21.03.2023 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के कीट विज्ञान विभाग का भ्रमण किया।
22. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर एवं डॉ. विनय भारद्वाज, निदेशक, राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर ने दिनांक 23.03.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी (अजमेर) एवं कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र का भ्रमण किया।
23. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 26–27.03.2023 को कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर का दौरा कर शिक्षकों एवं छात्रों के साथ चर्चा की।
24. श्री प्रशान्त बैरवा, माननीय विधायक, निवाई–पीपलू (टोंक) एवं माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 05.04.2023 को कृषि महाविद्यालय, झिलाई (निवाई) भवन के शिलन्यास कार्यक्रम मे शिरकत की।
25. डॉ. प्रितेश कुमारी, वैज्ञानिक, एन. बी. पी. जी. आर., नई दिल्ली ने दिनांक 06.04.2023 को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में अनुसंधान कार्यों का भ्रमण किया।
26. किसान संघ, उत्तराखण्ड के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यों ने दिनांक 15.04.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर का भ्रमण किया।
27. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 26.04.2023 को कृषि महाविद्यालय, कोटपुतली का दौरा किया एवं दिनांक 28.04.2023 को महाविद्यालय के पाथरेडी स्थित महाविद्यालय फार्म का निरीक्षण किया।
28. श्री हेमराज परिदवाल, उपनिदेशक, यूथ अफेयर्स एवं स्पोट्स, राजस्थान सरकार, डॉ. ए. के. पाण्डे, सयुंक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, टोंक एवं डॉ. शिवराज शर्मा, वरिष्ठ वेटेनरी अधिकारी टोंक ने दिनांक 29.04.2023 को कृषि महाविद्यालय, झिलाई का दौरा किया।
29. डॉ. वी. के. फोगाट, एमरेटस, प्रोफेसर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार ने दिनांक 08.05.2023 को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर का भ्रमण किया।
30. डॉ. जे. पी. मिश्रा, निदेशक, अटारी जोधपुर ने दिनांक 18.05.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर का अवलोकन किया।
31. डॉ. एम. पी. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, आई. आई एस. आर., इंदौर ने दिनांक 23.05.2023 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर का भ्रमण किया।

32. डॉ. पी. रामासुन्दरम, नेशनल कोडिनेटर, आई. डी. पी. नाहेप ने दिनांक 27.05.2023 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में नाहेप के अन्तर्गत चल रही गतिविधियों को अवलोकन किया।

33. डॉ. एन. एस. भटट्, प्रो. (सेवानिवृत) कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैंगलोर, डॉ. के. लक्ष्मी राव (सेवानिवृत) सहायक निदेशक, सेन्ट्रल बी. रिसर्च एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे, डॉ. ए. के. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, श्री शंकर एन. भारदवाज, सी. ई. ओ. ग्राम जन्य एफ. पी. ओ., पुटुर (कर्नाटका), श्री मनोज उपाध्याय, चैयरमैन अरयाही फैड एफ. पी. ओ., साहरनपुर (उत्तर प्रदेश), हार्दिक जोशी, निदेशक, हनीवेदा ने दिनांक 30–31.05.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र नौगांव का भ्रमण किया।

34. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 27.05.2023 को कृषि महाविद्यालय, भुसावर एवं कृषि महाविद्यालय, बसेडी का भ्रमण कर महाविद्यालय में चल रहे भवन निर्माण एवं फार्म के विकास संबंधी कार्यों का परिविक्षण किया।

35. डॉ. भारती दीक्षित, जिला कलक्टर, अजमेर ने दिनांक 05.06.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर का भ्रमण कर कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों का परिविक्षण किया।

36. श्रीमती जसकौर मीना, माननीया सांसद दौसा व प्रो. बलराज सिंह, कुलपति श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 08.06.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा द्वारा आयोजित अनुसूचित जनजाति अंतर्गत किसान गोष्ठी में सम्मिलित हुए।

37. डॉ. विपिन चौधरी, नेटवर्क कोर्डिनेटर, ए. आई. एन. पी. वर्टीब्रेट पेस्ट मैनेजमेंट, काजरी, जोधपुर ने दिनांक 21.06.2023 को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्याल, जोबनेर के कीट विज्ञान विभाग का दौरा किया।

38. डॉ. मदनपाल सिंह, एमेरिट्स, वैज्ञानिक, आई. सी. ए. आर., नई दिल्ली ने दिनांक 21.06.2023 को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के पौध कार्यिकी विभाग का भ्रमण किया।

39. डॉ. अरुण कुमार तोमर, निदेशक के भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर व श्रीमती जसकौर मीना, माननीया सांसद दौसा दिनांक 22.06.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा द्वारा आयोजित अनुसूचित जनजाति अंतर्गत कृषक वैज्ञानिक संवाद में सम्मिलित हुए।

40. डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, भूतपूर्व महानिदेशक, आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली ने दिनांक 24.06.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर का निरीक्षण किया।

41. डॉ. जे.पी. मिश्रा, निदेशक अटारी जोधपुर ने दिनांक 06.07.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपूतली का भ्रमण किया।

42. डॉ. पी. पी. रोहिला, प्रधान वैज्ञानिक (पशुपालन विभाग), अटारी जोधपुर ने दिनांक 13.07.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, भरतपुर का दौरा किया।

43. श्री रामस्वरूप लाम्बा माननीय विधायक, नसीराबाद ने दिनांक 27.07.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर का दौरा किया।

44. डॉ. जे. पी. मिश्रा, निदेशक, अटारी जोधपुर ने दिनांक 27.07.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, नौगांव का अवलोकन किया।

45. श्री राजेन्द्र यादव, माननीय उच्च शिक्षमंत्री, राजस्थान सरकार ने दिनांक 29.08.2023 को कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर का दौरा किया।

46. श्री राजेन्द्र यादव, माननीय उच्च शिक्षमंत्री, राजस्थान सरकार व माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर दिनांक 05.08.2023 को कृषि महाविद्यालय, कोटपुतली के चतुर्थ स्थापना दिवस कार्यक्रम में समिल्लित हुए।

47. डॉ. ए.एस. तोमर, अध्यक्ष, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड, नई दिल्ली ने दिनांक 19.08.2023 को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के कीट विज्ञान विभाग की प्रायोगिक अनुभव इकाई (जैव नियन्त्रण एजेंटो और जैव कीटनाशकों

का बड़े पैमाने पर उत्पादन)/ जैविक कीट विविधता प्रयोगशाला/ कीट भण्डारण प्रयोगशाला का भ्रमण किया।

48. श्री योगेश कुमार शर्मा, संयुक्त निदेशक उद्यान, श्री बी. के. प्रहलाद (ब्रम्हकुमारीज), श्री रामकुमार गुप्ता (शहद उद्योगपति), डॉ. रामस्वरूप चौधरी (प्रधान वैज्ञानिक) एवं श्री अनिल गुप्ता (लुपिन भरतपुर) ने नये कृषि महाविद्यालय.का दौरा किया।

49. डॉ. आदित्य गर्ग ने दिनांक 19.08.2023 को राजस्थान अनुसंधान, दुर्गापुरा में दलहन फसलों के अनुसंधान के कार्यों का परिविक्षण किया।

50. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 11.08.2023 को कृषि महाविद्यालय, लालसोट का दौरा किया।

51. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 08.09.2023 को कृषि अनुसंधान संस्थान, फतेहपुर एवं कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर का दौरा किया।

52. श्री जगदीप धनकड, माननीय उपराष्ट्रपति, भारत सरकार, श्री राज्यर्वधन सिंह, माननीय संसाद, जयपुर ग्रामीण दिनांक 14.09.2023 को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के स्थापना दिवस समारोह में क्रमशः मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

53. प्रो. एस. के राव, चेयरमैन, पी. आर. टी. टीम व पूर्व कुलपति आर. वी. एस. के. वी., ग्वालियर व प्रो. बी. एस. देवडा, पूर्व निदेशक एवं अधिष्ठाता (स्नातकोत्तर), एस. डी. यू. ए. टी. एस. के. नगर (गुजरात) डॉ. एन. श्री. निवासा अधिष्ठाता (स्नातकोत्तर), यू. ए. एस. बैगलूरू एवं डॉ. आर. रामा. सुन्दरम, राष्ट्रिय कोर्डिनेटर, आई. डी. पी. – नाहेप, नई दिल्ली ने कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर एवं कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर का मान्यता हेतु दिनांक 22–23.09.2023 को भ्रमण किया।

54. डॉ. विनय भारद्वाज, निदेशक, राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर ने दिनांक 16.09.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी (अजमेर) का भ्रमण किया।

55. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 29.10.2023 को कृषि महाविद्यालय, झिलाई का दौरा किया।

56. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, डॉ. पी. डी. मीणा, प्रधान वैज्ञानिक, सरसों अनुसंधान केन्द्र, भरतपुर, श्री योगेश शर्मा, संयुक्त निदेशक उद्यान, भरतपुर, श्री विजय सिंह डागुर, संयुक्त निदेशक कृषि प्रसार, भरतपुर, श्री राजेश शर्मा, क्षेत्रिय प्रबन्धक, राजस्थान राज्य बीज निगम, भरतपुर ने दिनांक 26.10.2023 को कृषि महाविद्यालय, बसेडी का दौरा किया।

57. डॉ. वजीर सिंह लाकरा, पूर्व कुलपति एवं निदेशक सी. आई. एफ. ई., मुम्बई दिनांक 05.11.2023 को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में अन्तर महाविद्यालय खेल–कूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

58. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 18.11.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगांव का दौरा कर केन्द्र की गतिविधियों का अवलोकन किया। श्री टी. के. मनोज कुमार, चैयरमैन, डब्लू. डी. आर. ए., नई दिल्ली दिनांक 19.11.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर का दौरा किया।

59. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 28.11.2023 को कृषि महाविद्यालय, किशनगढवास का दौरा कर महाविद्यालय भवन, छात्र व छात्राआएं छात्रावास, में निमार्ण कार्यों एवं नागलिया फार्म में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया।

60. माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 19.12.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, तबीजी (अजमर) का दौरा कर केन्द्र की गतिविधियों का अवलोकन किया।

61. श्री सुखवीर सिंह जौनपुरिया, माननीय सांसद, सवाई माधोपुर, श्री रामसहाय वर्मा, माननीय विधायक, निवाई–पीपलू एवं माननीय कुलपति प्रो. बलराज सिंह, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने दिनांक 23.12.2023 को कृषि महाविद्यालय, झिलाई में अयोजित कृषि शिक्षा मेले में सम्मिलित हुए।

## 14. सारांश

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने वर्ष 2023–24 के दौरान शिक्षा अनुसंधान व प्रसार शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की है। इस प्रतिवेदन वर्ष के दौरान प्रबन्ध मण्डल की तीन व शैक्षणिक परिषद् की चार बैठकें आयोजित हुई, जिनमें शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार शिक्षा के साथ साथ कर्मचारियों व छात्रों के कल्याण से सम्बन्धित महत्वपुर्ण निर्णय लिये गये। प्रतिवेदन वर्ष में विश्वविद्यालय में आचार्य के दो पदों पर, सह आचार्य के दो पदों पर व सहायक आचार्य के 79 पदों पर भर्ती की गई। इसके अलावा अशैक्षणिक संवर्ग कें 180 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चालू है। प्रतिवेदन वर्ष में श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के साथ साथ दो संघटक कृषि महाविद्यालय क्रमशः श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर एवं कृषि महाविद्यालय, लालसोट का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली से मान्यता (Accreditation) को 31 मार्च 2026 तक के लिये बढाया गया। स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 29 विद्यार्थियों ने एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बैंकाक व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया में क्रमशः एक व दो महीनो का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के 15 शिक्षको ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत विदेश के कई उच्च स्तरीय विश्वविद्यालयों व संस्थानों में 15 दिन से 5 महीनों तक अलग–अलग विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यलय, जोबनेर के 8 संघटक कृषि महाविद्यालयों के प्रशासनिक भवन, छात्र एवं छात्राओं छात्रावास, अधिष्ठाता निवास आदि भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है जो कि वर्ष 2024–25 में पूर्ण होने की सम्भावना है।

विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, राजस्थान श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में 16 मार्च 2023 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस समारोह में 985 विद्यार्थियों को स्नातक, 75 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर एवं 32 विद्यार्थियों को विद्यावाचस्पति की उपाधि प्रदान करने के साथ 8 प्रतिभावान छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। विश्वविद्यालय में शिक्षा एवं अनुंसधान को उच्च स्तर पर ले जाने हेतु प्रतिवेदन वर्ष में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों के साथ 15 अनुबंध किये गये।

शैक्षणिक सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय के चौदह संघटक महाविद्यालयों में 743 विद्यार्थियों ने स्नातक, 98 विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर व 52 विद्यार्थियों ने विद्या वाचस्पति में प्रवेश प्राप्त किया। इस प्रकार विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की कुल संख्या 2779 है। प्रतिवेदन वर्ष में विश्वविद्यालय से 4 राजकीय कृषि महाविद्यालय सम्बद्ध हुए है। इस प्रकार कुल 14 सरकारी एवं 10 निजी कृषि महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है जिसमें कुल अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 2583 है। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना, एन. सी. सी. व एन. एस. ओ. के तहत् उल्लेखनीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में 5–8 नंवम्बर 2023 को अन्तर महाविद्यालय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें सभी चौदह संघटक महाविद्यालयों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा इस प्रतिवेदन वर्ष में ग्वार की 2 उन्नत किस्में विकसित की गई है, जिनमें ग्वार की करण ग्वार – 14 (आर.जी.आर. 18–1) व करण ग्वार – 15 (आर.जीआर 20–15) प्रमुख है। इस वर्ष के दौरान प्रमुख फसलों में उत्पादन, पौध संरक्षण व अन्य विषयों पर आधारित कुल 43 उन्नत कृषि तकनीक विकसित की गई है। वर्ष 2023–24 में दो राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाएं विश्वविद्यालय को स्वीकृत की गई हैं। निजी कम्पनियों की 38 परीक्षण परियोजनाओं के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान संस्थानों से बहु केन्द्रीय परीक्षण हेतु 5 परीक्षण परियोजनाएं कार्यरत है। विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाईयों पर इस वर्ष प्रमुख फसलों का 2791 क्विंटल प्रजनक बीज व 3886 क्विंटल सत्य चिन्हित बीज का उत्पादन हुआ, जिससे क्षेत्र के किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध हो पाया।

कृषि प्रसार निदेशालय व कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से इस वर्ष 211 संस्थागत एवं 190 गैर संस्थागत प्रशिक्षण आयोजित किये गये, जिनसे 12252 कृषक व कृषक महिलायें तथा युवा लाभान्वित हुए। साथ ही 611 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्रथम पंक्ति प्रदर्शन लगाये गये, जिनसे 2870 कृषक लाभान्वित हुए। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा 50 प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किये गये। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान 5 किसान मेले आयोजित किये गये जिनके माध्यम से 2400 किसान लाभान्वित हुए। इसी प्रकार 41 कृषि प्रदर्शनी लगाई गई, जिनके माध्यम से 45,000 से अधिक किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। इस

वर्ष के दौरान 26 कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये।

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय पोषक वर्ष के रूप में मनाया है, जिसके अन्तर्गत बाजरा के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर अंतर्राष्ट्रीय कृषि व्यवसाय कॉन्क्लेव, दो दिवसीय श्री अन्न सम्मेलन का आयोजन के साथ– साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाईयों पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये गये। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ–साथ आवश्यक तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उदेद्श्य से बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी, पोल्ट्री फार्म का उद्यमिता प्रबंधन, फसल कटाई के बाद प्रबंधन और बागवानी फसलों का मूल्य संवर्धन, जैव कीटनाशकों का बड़े पैमाने पर उत्पादन विषयों पर चार व्यावसायिक सर्टिफिकेट कोर्सज का आयोजन किया गया। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के वित्तीय सहयोग से 22 दिसंबर 2023 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय में एक दिवसीय प्लेसमेंट मेले का आयोजन किया गया। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर उद्यमशीलता/कौशल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और छात्रों के बीच उद्यमशीलता मानसिकता का निर्माण करने के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्र में उद्यमिता/कौशल विकास पहल की दिशा में जनवरी 2023 सें मार्च 2023 के दौरान 4 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना में कृषि–शिक्षा में जागरूकता पैदा करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार हाई स्कूल और सीनियर स्कूल स्तर पर कृषि को मुख्य धारा के रूप में चुनने के लिए जुलाई 2023 से दिसंबर 2023 के दौरान विश्वविद्यालय के आठ संघटक महाविद्यालयों में आठ कृषि शिक्षा मेलों का आयोजन किया गया। कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में "एआर/वीआर अनुभव केंद्र" स्थापित किया गया। वीआर तकनीक एक त्रि–आयामी वातावरण का कंप्यूटर–जनित सिमुलेशन है जिसे हेडसेट के उपयोग के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में डीजीसीए, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत रिमोट पायलट ट्रेनिंग आर्गेनाईजेशन की स्थापना की गई। अब तक त्व्ज्र के अंतर्गत 32 प्रतिभागियों ने ट्रेनिंग ली है एवं डीजीसीए का ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट प्राप्त किया है।

# महत्वपूर्ण बिन्दु





# निदेशालय प्राथमिकता, निगरानी एवं मुल्यांकन
# श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय

जोबनेर–303329 (जयपुर) राजस्थान

फोन : 01425–25487

ई–मेल : director.pme@sknau.ac.in

वेबसाईट : sknau.ac.in